पाक्षिक

सामाजिक क्रांति के पथ पर अग्रसर

# क्रांतिरथ छत्तीसगढ़

Postal Regn No.C.G./RYP DN/65/2023-25

◆ वर्ष - 21 ◆ अंक - 5 ◆ रायपुर 05 सितंबर 2024 ◆ पृष्ठ - 16 ◆ मूल्य-5/- रुपया

### मुख्यमंत्री निवास में धूमधाम से मनाया गया छत्तीसगढ़ का पारंपरिक त्योहार तीजा, पोरा

# 70 लाख महिलाओं को महतारी वंदन योजना की सातवीं किश्त जारी

**रायपुर।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के राजधानी रायपुर स्थित निवास में आज छत्तीसगढ़ का पारंपरिक त्योहार तीजा, पोरा धूमधाम से मनाया गया। 'विष्णु भैया संग तीजा-पोरा महतारी वंदन तिहार' के भव्य आयोजन में शामिल होने मुख्यमंत्री निवास में बड़ी संख्या में महिलाएं पहुंची।





तीजा-पोरा, महतारी वंदन तिहार के अवसर पर मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने प्रदेश की 70 लाख माता-बहनों के खाते में महतारी वंदन योजना की सातवीं किश्त के रूप में एक-एक हजार रूपए की राशि का भुगतान ऑनलाईन डीबीटी मोड के जरिए किया। महतारी वंदन योजना के तहत आज सातवीं किश्त में 70 लाख महिलाओं को 653 करोड़ रूपए का भुगतान किया गया। इसे मिलाकर अब तक 4578 करोड़ रूपए की राशि का भुगतान किया जा चुका है। मुख्यमंत्री ने प्रदेश में राष्ट्रीय पोषण माह का शुभारंभ कर महिलाओं को पोषण माह की शपथ भी दिलाई। श्री साय ने मुख्यमंत्री निवास से सुपोषण रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया एवं राष्ट्रीय पोषण माह के पोस्टर का विमोचन भी किया। कार्यक्रम के आरंभ में मुख्यमंत्री श्री साय ने अपनी धर्मपत्नी श्रीमती कौशल्या साय के साथ भगवान शिव की पूजा अर्चना कर प्रदेश की सुख समृद्धि और खुशहाली की कामना की। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने इस अवसर पर मुख्यमंत्री निवास में तीजा मनाने आई माता, बहनों को तीजा की बधाई दी। उन्होंने कहा कि यह बहुत खुशहाली का अवसर है। मेरे बुलावे पर प्रदेश के सभी जिलों से बहनें यहां आईं हैं, मैं आप सभी का स्वागत करता हूं। तीजा में सुहागन महिलाएं निर्जला व्रत रखकर अपने पति की दीर्घायु जीवन की कामना लेकर शिव-पार्वती की पूजा करती हैं। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा आज पोरा तिहार है, जो छत्तीसगढ़ की परम्परा में किसानों और पशु प्रेम को समर्पित है।

### परम्परागत ग्रामीण परिवेश में सजा मुख्यमंत्री निवास

*'विष्णु भैया संग तीजा-पोरा महतारी वंदन तिहार' के लिए मुख्यमंत्री निवास की विशेष सजावट की गई थी। इस अवसर पर मुख्यमंत्री निवास में परम्परागत ग्रामीण परिवेश की झलक दिखाई दी। छत्तीसगढ़ी लोक कलाकारों ने मुख्यमंत्री निवास में रंगारंग प्रस्तुतियां दीं। मुख्यमंत्री निवास में महतारी वंदन तिहार के अवसर पर छत्तीसगढ़ के पारंपरिक खेलों में फुगड़ी, कुर्सी दौड़ और रस्सी खींच का आयोजन भी किया गया। तीजा-पोरा तिहार के मौके पर मुख्यमंत्री निवास पारंपरिक बैला गाड़ी, नंदिया-बइला और खिलौनों के साथ सुसज्जित नजर आया।*

## भाजपा सदस्यता अभियान शुरू, पहली सदस्यता मोदी ने ली



**नई दिल्ली।** भारतीय जनता पार्टी ने सोमवार (2 सितंबर) को 'संगठन पर्व, सदस्यता अभियान 2024' लॉन्च किया। इस मौके पर सबसे पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पार्टी की सदस्यता ली। इसके बाद भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और गृह मंत्री अमित शाह समेत भाजपा के बड़े नेताओं ने फिर से पार्टी की सदस्यता ली। पीएम मोदी ने कहा कि आज भाजपा के सदस्यता अभियान का एक और दौर शुरू हो रहा है। भारतीय जनसंघ से अब तक हमने देश में एक नई राजनीतिक संस्कृति लाने की कोशिश की है। हम वो लोग हैं जिन्होंने दीवारों पर कमल भी बड़ी श्रद्धा से पेंट किया। हमें विश्वास था दीवारों पर पेंट किया हुआ कमल कभी न कभी दिलों पर भी पेंट हो जाएगा। पीएम ने आगे कहा कि हमारे कार्यकर्ताओं को लेकर कहा जाता था कि इनका एक पैर रेल में रहता है और दूसरा जेल में। रेल में क्योंकि कार्यकर्ता लगातार भ्रमण किया करते थे। और जेल में इसलिए क्योंकि तब सत्ताधारी एक जुलूस भी नहीं निकालने देते थे। वे हमें जेल में डाल देते थे। हम ऐसे सत्ताधारियों के जुल्म सहकर यहां तक पहुंचे हैं। ये जो सदस्यता अभियान होगा, जो संगठन की संरचना होगी, इसी दौरान विधानसभाओं और लोकसभा में महिलाओं के लिए 33 प्रतिशत आरक्षण लागू हो गया होगा।

## छत्तीसगढ़ को मिली 8 लाख 46 हजार 931 प्रधानमंत्री आवासों की स्वीकृति : मुख्यमंत्री

### छत्तीसगढ़ को मिली 8 लाख 46 हजार 931 प्रधानमंत्री आवासों की स्वीकृति

*रायपुर। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने अपने निवास कार्यालय में प्रेस से बात करते हुए बताया कि छत्तीसगढ़ को भारत सरकार द्वारा 8 लाख 46 हजार 931 प्रधानमंत्री आवासों की स्वीकृति प्राप्त हुई है।*



उन्होंने इसे प्रदेश के लिए एक बड़ी उपलब्धि बताते हुए कहा कि इससे लाखों गरीब परिवारों को अपने सिर पर छत का सपना साकार करने में मदद मिलेगी। मुख्यमंत्री ने बताया कि पिछले 5 वर्षों में छत्तीसगढ़ के 18 लाख से अधिक गरीब परिवार प्रधानमंत्री आवास योजना से वंचित रह गए थे क्योंकि तत्कालीन सरकार ने इस योजना के लिए आवश्यक राज्यांश 40 प्रतिशत जमा नहीं किया था। इस वजह से इन गरीब परिवारों का हक छीना गया था। मुख्यमंत्री साय ने कहा कि हमारी सरकार ने 13 दिसंबर 2023 को शपथ ली और अगले ही दिन 14 दिसंबर को हमारे पहले कैबिनेट बैठक में 18 लाख प्रधानमंत्री आवासों की स्वीकृति प्रदान कर दी गई। राज्यांश की व्यवस्था भी तुरंत की गई। मुख्यमंत्री ने आगे बताया कि नए वित्तीय वर्ष के बजट में छत्तीसगढ़ को 8 लाख 46 हजार 931 प्रधानमंत्री आवास की स्वीकृति भारत सरकार से मिली है, जिसमें एसईसीसी 2011 के अंतर्गत 6 लाख 99 हजार 331 आवास और 1 लाख 47 हजार 600 आवास प्लस शामिल हैं। मुख्यमंत्री ने इस महत्वपूर्ण उपलब्धि के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को धन्यवाद दिया और कहा कि मैं छत्तीसगढ़ के 3 करोड़ जनता और विशेषकर प्रधानमंत्री आवास योजना से लाभान्वित होने वाले सभी लोगों की तरफ से प्रधानमंत्री जी को बहुत-बहुत धन्यवाद करता हूँ। इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा और दुर्ग विधायक गजेंद्र यादव उपस्थित थे।

## रायपुर में लाइट मेट्रो ट्रेन प्रोजेक्ट को मिलेगी रफ्तार

### सितंबर में रूस से आ रही है टीम

**रायपुर।** रूस से एक टीम रायपुर में लाइट मेट्रो प्रोजेक्ट की संभावनाओं का पता लगाने के लिए आएगी। यह प्रोजेक्ट करीब 4,000 करोड़ रुपए का है। रायपुर के मेयर एजाज ढेबर ने बताया कि यह टीम 15 सितंबर को रायपुर आएगी और मेट्रो लाइट प्रोजेक्ट का सर्वे करेगी। इस सर्वे के बाद ही DPR बनाया जाएगा। मेयर ने बताया कि रूसी टीम की रिपोर्ट आने के बाद मेट्रो के रूट तय होंगे। यह मेट्रो रायपुर से नवा रायपुर, रायपुर से दुर्ग या रायपुर से महासमुंद तक चल सकती है। उन्होंने आगे बताया कि भूपेश बघेल की सरकार में इस प्रोजेक्ट के लिए एक भारतीय कंपनी को बुलाया गया था लेकिन बात नहीं बनी। उस कंपनी के प्रतिनिधि पर




भरोसा नहीं हुआ।

### एमओयू साइन किया

इसके बाद, उन्होंने रूसी सरकार से संपर्क बनाए रखा और 2022 में मॉस्को में ट्रांसपोर्ट समिट में शामिल हुए। इसके बाद, RMC और रूसी सरकार के बीच एक MoU पर हस्ताक्षर किए गए। मेयर ढेबर ने इस प्रोजेक्ट को लेकर हो रही राजनीतिक बहस पर भी अपनी बात रखी।

# पश्चिम बंगाल में हुई प्रशिक्षु डाक्टर की हत्या पर भाटापारा में प्रदर्शन

ब्यूरोचीफ संतोष साहू

भाटापारा। पश्चिम बंगाल के कलकत्ता के एक हास्पिटल मे महिला डाक्टर से दुष्कर्म के बाद उसकी हत्या की घटना से उद्वेलित दुर्गा वाहिनी भाटापारा द्वारा घटना के विरोध मे पैदल मार्च निकालकर भारत माता चैक के पास पहुंचकर उन्हे श्रद्धांजलि दी गई।



उक्त अवसर पर प्रदेश भाजपा उपाध्यक्ष शिवरतन शर्मा ने भी सहभागिता करते हुये भारत माता चैक मे दीप जलाकर दिवंगत आत्मा को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुये इस जघन्य अपराध के लिये पश्चिम बंगाल सरकार के प्रति गहरी नाराजगी व्यक्त करते हुये कहा कि आर जी कार चिकित्सा महाविद्यालय एवं हास्पिटल मे प्रशिक्षु महिला डाक्टर की हत्या की घटना के बाद वहां पर शुरू किये गये मरम्मत कार्य से स्पष्ट प्रतीत होता है कि सबूतो के साथ छेड़छाड़ कर उन्हे मिटाने के लिये कार्य किया जा रहा है। शिवरतन शर्मा ने स्पष्ट रूप से कहा कि पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बैनर्जी के राज्य मे अपराधियों को बचाने का कार्य किया जा रहा है। घटना के बाद के पहले 24 घंटे सबूत जुटाने के दृष्टि से अहम समय थे लेकिन ममता बैनर्जी ने बयान दिया है कि वह इस मामले को कुछ दिन बाद सीबीआई को सौंपेगी शर्मा ने सीबीआई को मामले सौंपने मे हुई देरी की वजह पर सवाल खड़ा करते हुये कहा है कि अगर सीबीआई को यह मामला पहले ही सौंप दिया होता तो वह घटना स्थल को सुरक्षित कर सकती थी और अपराधी सलाखो के पीछे पहुंच गया होता। शर्मा ने आगे कहा कि मौजूदा समय मे पश्चिम बंगाल मे जंगल राज कायम हो गया उन्होने आगे कहा कि एक तरफ पश्चिम बंगाल मे प्रदर्शन कर रहे डाक्टर्स पर तृणमूल कांग्रेस के गुंड़े मेडिकल कालेज मे प्रवेश करके हमला कर रहे है साथ हीं अपराध के बाद मौजूद साक्ष्य को नष्ट करने की कोशिश करते है दूसरी तरफ ममता बैनर्जी के समर्थक खुद ममता सरकार के खिलाफ प्रदर्शन कर इंसाफ की मांग कर रहे है। पश्चिम बंगाल के स्वास्थ्य मंत्री, गृहमंत्री, मुख्यमंत्री के खिलाफ प्रदर्शन का नाटक ममता बैनर्जी द्वारा प्रायोजित है। भाटापारा शहर मे दुर्गा वाहिनी की उपरोक्त पैदल मार्च मे कुणाल नायडू, हेमंत व्यास, मधु सोनी, आयशा खान, नीरा साहू, कान्हा मिश्रा, अभिषेक मिश्रा, अभिषेक दास, अभिषेक मोदी, आशीष पुराहित, राकेश तिवारी व आशीष जायसवाल सहित बडी संख्या मे छात्रायें एवं महिलायें शामिल हुई।

## भाटापारा पालिका अधिकारी अंततः हटाये गये

### जफर खान दूसरी पारी खेलने भाटापारा पदस्थ हुये

ब्यूरोचीफ संतोष साहू




**भाटापारा।** प्रदेश की सबसे बडी व सबसे पुरानी भाटापारा नगर पालिका मे विगत दिनो जिला कलेक्टर दीपक सोनी ने औचक निरीक्षण के दौरान वहां व्याप्त अव्यवस्था पर अनेक कर्मचारियों को शोकाज नोटिस व निलंबित करने की सिफ ारिश की थी वहीं मौजूदा समय मे पदस्थ मुख्य नगर पालिका अधिकारी लाल अजय बहादुर सिंग को निलंबित करने का प्रस्ताव राज्य शासन को प्रेषित किया था लेकिन नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग छत्तीसगढ द्वारा जारी आदेश के तहत पालिका अधिकारी लाल अजय बहादुर सिंग को नगर पंचायत छुरिया जिला राजनांदगांव स्थानांतरित किया गया है उनके स्थान पर नगर पंचायत अमोदी मे पदस्थ जफ र खान को भाटापारा पालिका अधिकारी पदस्थ किया गया है। यह विदित रहे कि जफ र खान इसके पूर्व भी भाटापारा पालिका मे सीएमओ के रूप मे पदस्थ रह चुके है। भाटापारा पालिका मे पदस्थ स्वच्छता निरीक्षक विरेन्द्र वर्मा का तबादला नगर पालिका गोबरा नवापारा किया गया है फि रहाल उनके स्थान पर किसी नये स्वच्छता निरीक्षक की नियुक्ति नहीं की गई है यह विदित रहे कि एक लंबे समय से नगर पालिका मे स्वास्थ्य अधिकारी का पद भी रिक्त है और अब स्वच्छता निरीक्षक का भी पद रिक्त हो गया है। राज्य शासन के द्वारा जारी किये गये तबादला आदेश मे नगर पंचायत मंदिर हसौद मे पदस्थ राजस्व उप निरीक्षक सतीश सिंग को भाटापारा स्थानांतरित किया गया है इसी तरह बलौदाबाजार नगर पालिका मे पदस्थ कार्यालय सहायक श्रेणी तीन आनंद राठौर को भाटापारा पालिका मे पुनरू पदस्थ किया गया है। इस तरह भाटापारा नगर पालिका मे कोई विशेष फे रबदल राज्य शासन द्वारा नहीं किया गया है जबकि कुछ एक अधिकारी कर्मचारियों के भी तबादले के कयास लगातार लगाये जा रहे थे।

## राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस पर कार्यक्रम संपन्न

**भाटापारा।** स्थानीय गुरूकुल स्कूल मे ब्लाक के शासकीय एवं अशासकीय स्कूलों के विज्ञान शिक्षक की उपस्थिति मे विज्ञान के प्रति समाज मे रूचि जगाने के कार्यक्रम के तहत विभिन्न जानकारियों पर आधारित प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। जिसमे भारतीय विज्ञान एवं प्रौद्यौगिकी मंत्रालय के निर्देश पर जिला शिक्षा अधिकारी हिमांशु भारती, बीईओ राम जी पाल, अरूण वर्मा, कौशिक मुनी त्रिपाठी, रामअवतार वर्मा, अभिलाष तिवारी व योगेश वर्मा सहित अन्य लोगों ने उपस्थिति देकर विभिन्न मुद्दों पर प्रकाश डालते हुये कहा कि आज हीं के दिन एक वर्ष पूर्व भारत के चन्द्रयान द्वारा चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव पर साफ्ट लैडिंग कर इतिहास रचा गया था इसी परिपेक्ष्य मे आज हम राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस मनाने यहां उपस्थित हुये है। बीईओ राम जी पाल ने इंस्पायर अवार्ड मे शत प्रतिशत भाग लेने हेतु शिक्षको को मार्गदर्शन किया। गुरूकुल स्कूल के प्रिंसिपल मैथ्यूज ने भी अपने उदबोधन रखे इस दौरान रौनक मुंधडा सहित अन्य लोग उपस्थित थे।



## गतका राष्ट्रीय चैम्पियनशिप के लिये घोषित खिलाड़ियों में तीन युवा शामिल



**भाटापारा। आठवीं गतका राष्ट्रीय चैम्पियनशिप प्रतियोगिता पंजाब राज्य के संगरूर मे 24 अगस्त से 27 अगस्त तक आयोजित किया गया है। उक्त प्रतियोगिता मे छत्तीसगढ राज्य की गतका टीम भी भाग ले रहीं है।**

उक्त प्रतियोगिता मे राज्य के 80 खिलाड़ी चयनित हुये है जो उक्त प्रतियोगिता मे भाग लेने जा रहे है। इस नेशनल गेम के दौरान क्वालिफ ई खिलाड़ी राष्ट्रीय प्रतियोगिता तथा खेलो इंडिया के लिये क्वालिफ ई करेंगे। इसके पहले भी असम राज्य मे नेशनल गेम मे छत्तीसगढ राज्य के 11 खिलाडी खेलो इंडिया के लिये क्वालिफ ाई कर चुके है इस बार भी उसी तरह के प्रदर्शन की उम्मीद है। उक्त प्रतियोगिता मे संपूर्ण भारत वर्ष से करीब तीन हजार खिलाडी भाग लेंगे। छत्तीसगढ राज्य के विभिन्न खिलाड़ियों मे से भाटापारा के सोहेल मिरी, जय कुमार निर्मलकर व दौलत राम साहू भी शामिल है। उनके चयन पर हिमांशु भारती, आलोक मिश्रा, अरूण छाबड़ा बंटी, भूपेश पांडे, तरूण सेन, द्रोण ध्रुव, चन्द्रकांत बागडे, उमाप्रसाद राठौर, परिचय मिश्रा, श्रीधर राव, संजीव ध्रुव, राजकुमार कैवर्त्य, शिव बांधे, विशाल किसपोटटा, गजेन्द्र हिरवानी, प्रतिमा अवस्थी, प्रीति जलहरे, तिलोत्तमा वर्मा, संतोष साहू, गजेन्द्र साहू, शरद पंसारी व अमित तिवारी सहित अन्य लोगों ने बधाई प्रेषित करते हुये खिलाड़ियों के उज्जवल भविष्य की कामना की है।

हरियाणा में यूपी के दलों की दावेदारी

# सत्ता का सपना पूरा होगा या सिर्फ वोट कटवा बनेंगे ?



हरियाणा विधानसभा चुनाव 2024 में उत्तर प्रदेश की सियासत के प्रभावशाली दल अपनी किस्मत आजमाने के लिए पूरी ताकत के साथ मैदान में उतर रहे हैं। समाजवादी पार्टी, बहुजन समाज पार्टी, राष्ट्रीय लोकदल और आजाद समाज पार्टी जैसी प्रमुख पार्टियां हरियाणा की सियासत में अपनी पैठ बनाने की कोशिश कर रही हैं। इन दलों ने अपनी चुनावी रणनीति जातीय और सामाजिक समीकरणों पर आधारित बनाई है। जहां बसपा और आजाद समाज पार्टी दलित वोटरों को अपना आधार मानकर चुनावी मैदान में उतरी हैं, वहीं समाजवादी पार्टी यादव-मुस्लिम समीकरण का फायदा उठाने की योजना बना रही है। दूसरी ओर, राष्ट्रीय लोकदल जाट समुदाय के आधार पर हरियाणा में अपनी पहचान को विस्तार देने का प्रयास कर रहा है। इस स्थिति में यह देखना दिलचस्प होगा कि क्या ये उत्तर प्रदेश के क्षेत्रीय दल हरियाणा की सियासत में प्रभावी हो पाते हैं या सिर्फ वोट कटवा पार्टी बनकर रह जाते हैं। हरियाणा की राजनीति में बीजेपी और कांग्रेस के बीच सीधा मुकाबला माना जा रहा है। 2024 के लोकसभा चुनाव ने भी यही स्थिति दर्शाई थी। कांग्रेस और बीजेपी के बीच सीधा संघर्ष होने के कारण हरियाणा के क्षेत्रीय दलों की स्थिति सियासी हाशिए पर चली गई है। इनेलो और जेजेपी जैसे दलों की सियासी उपस्थिति में काफी कमी आई है। इस परिदृश्य में इन दलों ने दलित आधार वाले दलों के साथ गठबंधन किया है। कांग्रेस बनाम बीजेपी की इस लड़ाई में उत्तर प्रदेश के क्षेत्रीय दल किस तरह का प्रदर्शन कर पाएंगे, यह देखने योग्य होगा। उत्तर प्रदेश में बहुजन समाज पार्टी ने सत्ता में चार बार पहुंचकर अपने प्रभाव का प्रदर्शन किया है, लेकिन हरियाणा में उसकी स्थिति हमेशा कमजोर रही है। इस बार मायावती ने हरियाणा में इनेलो के साथ गठबंधन किया है। इसी तरह, आजाद समाज पार्टी के प्रमुख चंद्रशेखर आजाद ने दुष्यंत चौटाला की पार्टी जेजेपी के साथ मिलकर चुनावी मैदान में उतरने का फैसला किया है। समाजवादी पार्टी ने कांग्रेस के साथ गठबंधन करने की कोशिश की है, जबकि राष्ट्रीय लोकदल ने बीजेपी के साथ मिलकर चुनाव लड़ने की योजना बनाई है। हरियाणा में बसपा और इनेलो ने जाट-दलित समीकरण को ध्यान में रखकर गठबंधन किया है। इस समझौते के तहत बसपा 34 सीटों पर चुनाव लड़ेगी, जबकि बाकी सीटों पर इनेलो अपने प्रत्याशी उतारेगी। 2019 के चुनाव में बसपा हरियाणा में खाता नहीं खोल पाई थी, लेकिन उसे 4.21 प्रतिशत वोट प्राप्त हुए थे। इनेलो ने पिछले चुनाव में 2.44 प्रतिशत वोट प्राप्त किए थे, जबकि इससे पहले यह आंकड़ा 24 प्रतिशत था। 2024 के लोकसभा चुनाव में इनेलो को 1.74 प्रतिशत और बसपा को 1.28 प्रतिशत वोट मिले थे। बसपा की कमान युवा नेता आकाश आनंद के हाथ में है, और पार्टी अनुसूचित जाति के 21 प्रतिशत मतदाताओं के सहारे हरियाणा में अपनी स्थिति मजबूत करना चाहती है। बसपा ने 34 सीटों पर चुनाव लड़ने की योजना बनाई है, जिसमें उसकी सफलता की चुनौती बनी हुई है। 2024 के चुनाव में जाट और दलित वोटों का झुकाव कांग्रेस की ओर दिखा है, जिससे बसपा के लिए हरियाणा में अपनी स्थिति स्थापित करना मुश्किल हो सकता है। अगर बसपा का वोट शेयर लगातार गिरता रहा, तो पार्टी कहीं वोट कटवा पार्टी न बन जाए, यह चिंता बनी रहती है। चंद्रशेखर आजाद ने अपनी आजाद समाज पार्टी का राष्ट्रीय विस्तार करने के लिए हरियाणा में जेजेपी के साथ गठबंधन किया है। जेजेपी, जो इनेलो से टूटकर बनी है, ने 2019 में हरियाणा की सियासत में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी, लेकिन पिछले पांच वर्षों में उसे अपने सियासी अस्तित्व को बनाए रखने के लिए संघर्ष करना पड़ा है। चंद्रशेखर ने जेजेपी के साथ मिलकर चुनाव लड़ने का निर्णय लिया है। हरियाणा की 90 सीटों में से जेजेपी 70 और आजाद समाज पार्टी 20 सीटों पर चुनाव लड़ेगी। इस गठबंधन से जेजेपी को अधिक लाभ की उम्मीद है। चंद्रशेखर ने यूपी में दलितों के बीच अपनी पहचान बनाई है, लेकिन हरियाणा में उनकी लोकप्रियता सीमित है। कांग्रेस सांसद कुमारी शैलजा और उदयभान जैसे दलित चेहरे राज्य में प्रभावी रहे हैं। ऐसे में चंद्रशेखर के लिए जेजेपी के साथ मिलकर हरियाणा में सफलता प्राप्त करना एक चुनौती हो सकती है। समाजवादी पार्टी ने 2024 में उत्तर प्रदेश की 80 सीटों में से 37 सीटें जीतकर अपनी ताकत साबित की है। अखिलेश यादव ने हरियाणा विधानसभा चुनाव में अपनी किस्मत आजमाने का फैसला किया है। समाजवादी पार्टी कांग्रेस के साथ गठबंधन करके चुनावी मैदान में उतरना चाहती है, लेकिन अभी तक दोनों दलों के बीच कोई ठोस समझौता नहीं हुआ है। कांग्रेस के नेता विधानसभा चुनाव में किसी अन्य दल के साथ गठबंधन करने के लिए तैयार नहीं हैं। सपा ने यह भी तय किया है कि अगर कांग्रेस उसे सीट नहीं देती है, तो वह अकेले चुनाव लड़ने की योजना बना रही है। 2019 में हरियाणा विधानसभा चुनाव में सपा का प्रदर्शन निराशाजनक रहा था, जहां वह चार सीटों पर लड़ी थी और सभी की जमानतें जब्त हो गई थीं।

**हरियाणा की राजनीति में बीजेपी और कांग्रेस के बीच सीधा मुकाबला माना जा रहा है। 2024 के लोकसभा चुनाव ने भी यही स्थिति दर्शाई थी। कांग्रेस और बीजेपी के बीच सीधा संघर्ष होने के कारण हरियाणा के क्षेत्रीय दलों की स्थिति सियासी हाशिए पर चली गई है।**

साभार... अमर उजाला - - अजय कुमार

# सर्वसुलभ इंसाफ की उम्मीद को पंख लगे

यह सुखद, अविस्मरणीय एवं ऐतिहासिक अवसर ही है कि देश के सर्वच्च न्यायालय ने 75 साल का गरिमामय सफर पूरा कर लिया है। संवैधानिक मूल्यों की रक्षा के प्रयासों में सर्वोच्च न्यायालय की भूमिका को यादगार बनाने के लिये बाकायदा डाक टिकट व सिक्के भी हाल ही में जारी किये गए और विभिन्न आयोजनों में सर्वच्च न्यायालय की भूमिका को अधिक सशक्त बनाने के विषय पर गंभीर मंथन भी हुआ, ऐसे ही आयोजनों में राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और प्रधान न्यायाधीश (सीजेआई) डी.वाई. चंद्रचूड ने इस बात पर बल दिया कि समय पर न्याय मिलने से ही न्याय का वास्तविक लक्ष्य पूरा होता है।

'न्याय में देरी न्याय के सिद्धांत से विमुखता है' वाली इस बात को सभी महसूस करते हैं लेकिन न्यायिक व्यवस्था के शीर्ष पर आसीन मुख्य न्यायाधीश के साथ-साथ राष्ट्रपति एवं प्रधानमंत्री की इस स्वीकारोक्ति के गहरे निहितार्थ हैं। 'न्याय प्राप्त करना और इसे समय से प्राप्त करना किसी भी राज्य व्यवस्था के व्यक्ति का नैसर्गिक अधिकार होता है।' सर्वोच्च न्यायालय की हीरक जयन्ती के अवसर पर सभी ने शीघ्र न्याय की जरूरत को स्वीकारते हुए कहा कि 'तारीख पे तारीख' की संस्कृति से तौबा करने का वक्त आ गया है? न्याय प्रणाली की कमियों को दूर करने के रास्ते उद्घाटित होने ही चाहिए। यही वजह है कि जिला न्यायपालिका के दो दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन के समापन समारोह में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने जो कुछ कहा, उसे देश की पूरी न्याय व्यवस्था के लिए अलार्म बेल माना जा सकता है। राष्ट्रपति ने याद दिलाया कि जब तक न्यायपालिका देश के आम लोगों को सहजता से इंसाफ तक पहुंचने का रास्ता मुहैया नहीं कराती, तब तक उसका काम पूरा नहीं माना जा सकता। उन्होंने कहा कि त्वरित न्याय सुनिश्चित करने के लिये अदालतों में स्थगन की संस्कृति को बदलने के प्रयास की सख्त जरूरत है। उन्होंने स्वीकारा कि अदालतों में बड़ी संख्या में लंबित मामलों का होना हम सभी के लिये बड़ी चुनौती है। अदालतों से न्याय पाने की प्रक्रिया बड़ी खर्चीली है और इसमें बेहिसाब वक्त लगता है। इन दोनों ही का नतीजा इसी रूप में सामने आता है कि इंसाफ की आस लेकर अदालत पहुंचा व्यक्ति फैसला आने तक टूट चुका होता है। इसीलिये राष्ट्रपति ने ठीक ही कहा कि किसी गंभीर अपराध से जुड़े मामले का फैसला आने में 32 साल लग जाए तो लोगों को ऐसा लगना अस्वाभाविक नहीं कि शायद अदालतें ऐसे मामलों को लेकर संवेदनशील नहीं हैं। राष्ट्रपति ने किसी खास मामले का जिक्र नहीं किया, लेकिन उनका इशारा अजमेर में पॉक्सो अदालत द्वारा इसी 20 अगस्त को सुनाए गए फैसले की तरफ था। एक चर्चित सेक्स स्कैंडल से जुड़े इस मामले में छह लोगों को उम्र कैद की सजा सुनाने में 32 साल लग गए। यह अपनी तरह का कोई इकलौता मामला नहीं है। बेहद गंभीर और वीभत्स अपराध के सैकड़ों ऐसे मामले हैं, जो अदालतों में बरसों से लंबित पड़े हैं। लोग अदालतों में मुकदमों के लंबे खिंचने से इतने त्रस्त हो जाते हैं कि किसी तरह समझौता करके पिंड छुड़ाना चाहते हैं। सर्वोच्च न्यायालय की हीरक जयन्ती पर महत्वपूर्ण प्रश्न यह है कि न्यायपालिका और विशेष रूप से सुप्रीम कोर्ट इसके लिए क्या करने जा रहा है, जिससे लोग न्याय प्रक्रिया से हताश-निराश होकर समझौता करने के लिए बाध्य न हों? प्रश्न यह भी है उन्हें समय पर त्वरित न्याय कब मिल सकेगा? दुर्भाग्य से ये प्रश्न दशकों से अनुत्तरित है।



**सर्वोच्च न्यायालय की हीरक जयन्ती के अवसर पर सभी ने शीघ्र न्याय की जरूरत को स्वीकारते हुए कहा कि 'तारीख पे तारीख' की संस्कृति से तौबा करने का वक्त आ गया है? न्याय प्रणाली की कमियों को दूर करने के रास्ते उद्घाटित होने ही चाहिए।**

इससे पहले जिला न्यायपालिका के राष्ट्रीय सम्मेलन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी महिलाओं के खिलाफ अपराध के मामलों में त्वरित न्याय की आवश्यकता पर बल दिया था ताकि महिलाओं में अपनी सुरक्षा को लेकर भरोसा बढ़ सके। निस्संदेह, हाल के वर्षों में महिलाओं एवं बच्चों के खिलाफ अपराधों में तेजी से वृद्धि हुई है, जिससे हमारे समाजशास्त्री और कानून लागू करवाने वाली विभिन्न एजेंसियां भी हैरान-परेशान हैं। कोलकाता में एक मेडिकल कालेज के अस्पताल में महिला डॉक्टर से दुष्कर्म व हत्या कांड ने पूरे देश को उद्वेलित किया है। पूरे देश में अपराधियों को शीघ्र व सख्त दंड देने की मांग की जा रही है। यदि पुलिस व जांच एजेंसियां पुख्ता सबूतों के साथ अदालत में पहुंचें तो गंभीर मामलों में आरोप जल्दी सिद्ध हो सकेंगे। सुप्रीम कोर्ट के 75 वर्ष पूरे होने पर प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि ये केवल एक संस्था की यात्रा नहीं है। ये यात्रा है भारत के संविधान और संवैधानिक मूल्यों की। ये यात्रा है एक लोकतंत्र के रूप में भारत के और परिपक्व होने की। भारत के लोगों ने सुप्रीम कोर्ट पर, हमारी न्यायपालिका पर विश्वास किया है। इसलिए सुप्रीम कोर्ट के ये 75 वर्ष 'मदर ऑफ डेमोक्रेसी' के रूप में भारत के गौरव को और बढ़ाते हैं।



साभार... प्रभासाक्षी- ललित गर्ग

# नाकामी छुपाने प्रदेश सरकार विपक्ष के नेताओं को कर रही परेशान - इन्द्र साव

ब्यूरोचीफ संतोष साहू




**भाटापारा।** छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देश पर आयोजित पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुये भाटापारा विधायक इंद्र साव ने कहा कि बलौदाबाजार के मामले में साय सरकार अपनी नाकामी और पूरे देश में हुई बदनामी को छुपाने विपक्ष के नेताओं को परेशान कर रही है। कांग्रेस के विधायक देवेन्द्र यादव की गिरफ्तारी भाजपा की बौखलाहट को दर्शाता है। यह विपक्ष को बदनाम करने की साजिश है। विधायक देवेन्द्र यादव बलौदाबाजार में न भाषण दिये और न ही कलेक्टर ऑफिस प्रदर्शन में शामिल हुये। वे भीड़ में पांच मिनिट रूक कर वापस आ गये थे। कही भी किसी हिंसक घटना में उनके संलिप्तता का कोई भी साक्ष्य नहीं और न ही वे किसी भी प्रकार की घटना में शामिल थे। पुलिस ने उनको गलत तरीके से गिरफ्तार किया है। विधायक इंद्र साव ने राज्य सरकार से सवाल करते हुए कहा कि सरकार, पुलिस बताये किन भाजपा नेताओं को नोटिस दिया गया, पूछताछ की गयी। कांग्रेस के किन किन नेताओं का नाम है, हम खुद पूछताछ के लिये लेकर आयेंगे। न्याय संगत कार्यवाही होनी चाहिये। भाजपा सरकार का चरित्र और व्यवहार 8 माह में ही अलोकतांत्रिक हो गया है। वही लोकतंत्र के चैथा स्तम्भ माने जाने वाले पत्रकारों को गलत तरीके से फंसाने उनकी गाड़ी में गांजा रखा जाता है। विपक्ष के विधायक को झूठे मुकदमे में फंसा कर गिरफ्तार किया गया। सरकार बनते ही पूर्व मुख्यमंत्री के खिलाफ झूठा मुकदमा ईओडब्ल्यू में दर्ज किया। बलौदाबाजार के मामले में सतनामी समाज और कांग्रेस के लोगों को चिन्हांकित करके उनको जेलों में डाला गया। कांग्रेस भाजपा सरकार के इस आताताई चरित्र से डरने वाली नहीं। इस प्रकार के कृत्यों से हमारा कार्यकर्ता और मजबूती से सरकार के खिलाफ जनता की आवाज उठायेगा। वरिष्ठ कांग्रेस नेता और पूर्व मंत्री सत्यनारायण शर्मा ने कहा कि बलौदाबाजार में हुई आगजनी की भयावह घटना शासन प्रशासन की बड़ी लापरवाही व सरकार की इंटेलीजेंट के फैल हो जाने के कारण हुई। समय रहते सरकार व प्रशासन सचेत हो जाता व समाज के द्वारा सीबीआई जांच की मांग को पूर्व में ही मान लिया गया होता तो प्रदेश को शमर्सार करने वाली घटना से बचा जा सकता था। पूरी घटना के लिये प्रदेश की भाजपा सरकार दोषी है। लचर कानून व्यवस्था और प्रशासन की निरंकुशता व लापरवाही से बलौदाबाजार में सतनामी समाज के आंदोलन में असामाजिक तत्वों की घुसपैठ हुई और इतनी बड़ी घटना को अंजाम दिया गया, जिसके लिए प्रदेश की भाजपा सरकार पूरी तरह दोषी है। उन्होंने कहा कि साय सरकार की अकर्मण्यता के चलते ही बलौदाबाजार में कानून व्यवस्था बिगड़ी है। यदि समय रहते जैतखाम को क्षति पहुंचाने वालों पर कार्यवाही की गई होती और आहत समाज से संवाद किया गया होता तो ऐसी अप्रिय स्थिति निर्मित नहीं होती। धार्मिक भावनाएं आहत होने पर आंदोलित समाज को विश्वास में लिया गया होता तो ऐसे विध्वंसक प्रतिक्रिया नहीं होती। इस पूरे आंदोलन में भाजपा के जिलाध्यक्ष सनम जांगड़े सहित अन्य भाजपा नेताओं की भूमिका की जांच हो। श्री शर्मा ने सवाल दागा कि उस दिन धरना प्रदर्शन को कलेक्टर से परमिशन दिलाने वाला कौन था? रैली में आने वाले हजारों लोगों के लिये भेजन, मंच, पंडाल, माइक के लिए रुपयों की व्यवस्था किसने किया? इतनी बड़ी घटना के बाद भड़काऊ भाषण देने वाले की गिरफ्तारी क्यों नहीं हुई? नागपुर से 250 से अधिक लोग आये थे वो कौन थे? सरकार ने उन पर नजर क्यों नहीं रखा था? रैली की शुरूआत से ही उपद्रव शुरू हो गया था उसके बावजूद लोगों को कलेक्ट्रेट क्यों जाने दिया गया? भीड़ को रोकने की कोशिश क्यों नहीं हुई? आम जनता के वाहन जलाये जा रहे थे, लोगों को दौड़ा कर पीटा जा रहा था तब पुलिस कहां थी? एसपी किसके इशारे पर शांत बैठे हुये थे? घटना को रोकने के बजाय पलायन क्यों कर गये? प्रदेश के पूर्व नगरीय प्रशासन मंत्री डॉ शिव कुमार डहरिया ने कहा कि कांग्रेस के हमारे नेता और विधायक देवेंद्र यादव को षड्यंत्र पूर्वक फंसाने के लिये इतनी सारी धाराएं लगाई है। इस गिरफ्तारी की हम निंदा करते है। हम सब देवेन्द्र यादव के साथ है क्योकि देवेन्द्र यादव के साथ कोई अप्रत्याशित घटना न हो। बीजेपी की सरकार षड्यंत्र के तहत कार्यवाही कर रही है। भाजपा की सरकार कांग्रेस के नेताओं को परेशान कर रही है। देवेन्द्र यादव को बिना किसी साक्ष्य के गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस के पास कोई साक्ष्य हो तो प्रस्तुत करे। विपक्ष चुप बैठने वाला नहीं है। बलौदा बाजार की घटना की निष्पक्ष जांच करवाने में सरकार विफल है। भाजपा की सरकार कांग्रेस नेताओं को निशाना बना रही है। पूर्व मंत्री शिवकुमार डहरिया ने आगे कहा कि देश में पहली बार ऐसा हुआ कि कलेक्टर एवं एसपी आफिस जला दिये जाते है। 10 जून की घटना को लेकर पूरे 67 दिन बाद देवेन्द्र यादव की गिरफ्तारी हुआ है। धाराएं इतना है कि जांच अधिकारी जितना लिख सकता था उतना लिखा। भाजपा ने सामाजिक सौहार्द बिगाड़ने का काम किया। भाजपा अपनी नाकामी को छुपाने के लिये ऐसी कार्यवाही कर रहे है। पुलिस जो धारा लगायी है उनको साक्ष्य दिखाना चाहिये। षड्यंत्रपूर्वक गलत धाराओं के तहत देवेन्द्र यादव के ऊपर 20 धाराओं के ऊपर कार्यवाही की गयी है। यह सरकार की हताशा को बताता है। पुलिस को बताना चाहूंगा कि सरकार तो आती जाती रहती है ऐसा कोई काम न करे कि वो नजरे ना मिला सके। पुलिस पूछताछ कर रही थी फिर गिरफ्तार कर ले आई। देवेन्द्र यादव ने कोई अपराध नही किया इतने सारे धाराये जबरदस्ती लगा दिये है। समाज ने सीबीआई जांच की मांग किया हैं तो सरकार क्यो सीबीआई जांच नही करवाती है। छोटी-छोटी घटनाओं की सीबीआई जांच की अनुशंसा की गयी है तो इतनी बड़ी घटना जिसमें समाज के प्रतीक चिन्ह को तोड़ा गया। जिले के कलेक्टर, एसपी कार्यालय को जला दिया गया उसकी सीबीआई जांच करवाने में क्या परहेज है। हम सबने वर्तमान जज की देखरेख में जांच कराने कहा क्यों नहीं करवाया गया? पत्रकार वार्ता के दौरान पूर्व विधायक विकास उपाध्याय, शहर कांग्रेस कमेटी रायपुर अध्यक्ष गिरीश दुबे, ग्रामीण अध्यक्ष उद्धो राम वर्मा, कांग्रेस नेता ईश्वर सिंह ठाकुर, शिव सिंह ठाकुर इत्यादि मौजूद थे।

# कमरछठ पर्व पर महिलाओं ने उपवास रख अपने संतान की दीर्घायु की कामना की, बाजार में उंचे दाम पर बेचे गये भैंस के दूध-दही-घी

ब्यूरोचीफ संतोष साहू



**भाटापारा।** नगर व ग्रामीण क्षेत्र मे उत्साह के साथ महिलाओं ने अपनी संतान की दीर्घायु व स्वस्थ्य जीवन के लिये कमरछठ पर्व पर उपवास रखते हुये पूरी आस्था व श्रद्धा के साथ निराहार रहते हुये दोपहर बाद पूजा अर्चना की रस्म पूरा करते हुये शाम को व्रत तोड़ा। कमरछठ पर्व को लेकर जगह जगह मंदिर देवालय चैक चैराहे व कुछ प्रमुख स्थलों पर कमरछठ उपवास रहने वाली महिलाओं ने पौराणिक मान्यता जिसमे माता देवकी ने अपने पुत्र की रक्षा के कामना के लिये षष्ठी देवी का व्रत रखा था और जिसके बाद बलराम का जन्म हुआ उसी के अनुरूप अपने अपने संतानो की दीर्घायु के लिये कमरछठ व्रत रखा जिसके तहत तमाम महिलायें सामूहिक रूप से एकत्रित होकर सगरी का निर्माण किया और उसमे बेलपत्र, भैंस का दूध, दही, घी, कांशी के फू ल, श्रृंगार का सामान, लाई और महुये का फू ल चढाकर व्रत कथा सुनी तत्पश्चात शिव जी की आरती के पश्चात प्रसाद के रूप मे बिना हल जुते हुये अनाज व खाद्य पदार्थ का अर्पण भी किया महिलाओं द्वारा पसहर चांवल व छह प्रकार की भाजियो का प्रयोग करते हुये साथ मे नारियल व लाई प्रसाद ग्रहण कर अपना व्रत तोड़ा। कमरछठ पर्व के कारण शनिवार सुबह से हीं नगर के तमाम दुग्धालय व डेयरी फ र्म मे भारी भीड़ का माहौल लगा रहा मान्यता के अनुसार कमरछठ पर्व के दिन भैंस के दूध, दही, घी व अन्य सामाग्रियों का हीं प्रयोग करने की मान्यता है जिसका फ ायदा दुग्ध विक्रेताओं ने जमकर उठाया शहर मे 50 रूपये प्रति किलो पर बिकने वाला भैंस का दूध आज हाथो हाथ 100 रूपये प्रति किलो के दर पर बेचा गया वहीं भैंस के दूध से निर्मित दहीं व घी भी दुगुने कीमत पर धडल्ले से बेचे गये इसके अलावा सब्जी भाजी बेचने वालो ने भी आज कमरछठ पर्व त्यौहार का जमकर फ ायदा उठाया व छह प्रकार की मिश्रित भाजी को वे भी उंचे दाम पर बेचते रहे इसी प्रकार की स्थिति महुये का दातुन दोना पत्तल पसहर चांवल केला सेव के अलावा कुम्हारो द्वारा निर्मित मिटटी के चुकिया भी उंची कीमत पर चैक चैराहे मे बिकते रहे। तमाम दुकानो मे कमरछठ पर्व के कारण भारी ग्राहकी का नजारा देखने को मिला।

# अखण्ड राम नाम सप्ताह शोभायात्रा जुलूस में जन सैलाब उमड़ पड़ा

## पुलिस की चाक- चौबंद व्यवस्था से समारोह शांतिपूर्वक संपन्न

ब्यूरोचीफ संतोष साहू

**भाटापारा।** नगर के ऐतिहासिक अखंण्ड राम नाम सप्ताह का समापन जुलूस व मर्यादा पुरूषोत्तम भगवान श्री राम की शोभायात्रा मे शहर क्षेत्र व अन्य जिलो से आये लाखों श्रद्धालुओं ने भाग लिया। इसके पहले राम सप्ताह मंडप मे अखंण्ड राम नाम सप्ताह समारोह के अंतिम दिन प्रातरू विधि विधान से हवन पूजन संपन्न हुआ तत्पश्चात दोपहर बाद शोभायात्रा निकली जो शहर के प्रमुख मार्गो पर होते हुये बुधवार अल सुबह वापस मंडप स्थल पहुंचेगी शोभायात्रा मे लगभग 95 भजन कीर्तन मंडली जो कि शोभायात्रा मे शामिल होने विभिन्न जिलो यथा रायपुर, बिलासपुर, दुर्ग, मुंगेली, बेमेतरा, कवर्धा, चांपा जांजगीर, सारंगढ-बिलाईगढ व महासमुंद सहित अन्य जिलो के दूर दराज गांव से पहुंचे जो कि रथयात्रा के आगे आगे चल रहे थे।



विभिन्न आकर्षक वेशभूषा व अनेक प्रकार के वाद्ययंत्रो के साथ भजन कीर्तन व नृत्य करते हुये लोगों का मन मोह लिया इस बार के शोभायात्रा मे महिलाओं की भी भजन मंडली टीम का प्रदर्शन नागरिको को देखने को मिला वहीं प्रदेश के कोने कोने से आये श्रद्धालुओं ने जिसको जहां पर जगह मिला वहां से शोभायात्रा का दर्शन लाभ लिया। शोभायात्रा के मार्ग के दोनो छोर पर स्थित भवन मकान दुकान मे बैठकर लोग शोभायात्रा देखते रहे वहीं शोभायात्रा वाले मार्ग पर विभिन्न सामाजिक संगठन जिसमे साहू समाज, डडसेना कलार समाज, यादव समाज, लालसोट ब्राम्हण समाज सहित अन्य समाज के अलावा विभिन्न सेवाभावी संगठन की ओर से व्यवस्था मे सहयोग करते हुये लोगों ने अनेक खाद्य पदार्थ पुडी सब्जी, भेजन, शरबत, चाय, केला सेब फ ल सहित पोहा, चना, भजिया जैसे खाद्य पदार्थ का निरूशुल्क व नाम मात्र के शुल्क पर वितरण आम नागरिकों को किया जिससे लोगों को किसी भी प्रकार की परेशानी नहीं हुई। आटो रिक्शा चालक संघ, चैपहिया वाहन चालक संघ, छत्तीसगढी अग्रवाल समाज, सिधु महाबली युवा समाज के अलावा भाजपा एवं कांग्रेस के अलावा आदिवासी समाज, सर्वेश्वरी समूह सहित विभिन्न मंचो के द्वारा बाहर से आये भजन कीर्तन मंडलियों का स्वागत सत्कार करते हुये विभिन्न पुरस्कार व नकद राशि भेंट की गई भाजपा के मंच मे प्रदेश भाजपा उपाध्यक्ष शिवरतन शर्मा, अश्वनी शर्मा, राकेश तिवारी, धनेश माधवानी, राजा कामनानी, धनीराम साहू, गोपाल देवांगन, सुनील यदू, महाबल बघेल, डब्ल्यू सिंग ठाकुर, रोशन साहू, पवन वर्मा, सलीम खान, आयशा खान, संजय शुक्ला, उमाशंकर वर्मा, रोशन साहू, रामू साहू, पुरूषोत्तम यदू, सतीश सोनी, परस देवांगन, सुरेश वर्मा, शुभम राजपूत, काके थदवानी, मुकेश सोनी, नंदकिशोर अग्रवाल, आनंद अग्रवाल, मनेन्द्र सिंग गुम्बर व आशीष जायसवाल सहित बडी तादाद मे अन्य कार्यकर्ता मौजूद थे जिनकी उपस्थिति मे शिवरतन शर्मा ने बाहर से आये तमाम भजन कीर्तन मंडलियों का स्वागत करते हुये उन्हे व्यक्तिगत रूप से पुरस्कार राशि प्रदान किया। वहीं कांग्रेस के मंच मे भूतपूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल पहुंचे वहां उनके हाथो से अनेक भजन कीर्तन मंडलियों का स्वागत सत्कार करते हुये उन्हे पुरस्कृत किया गया, कांग्रेसी मंच पर विधायक इंन्द्र साव, विकास उपाध्याय, सतीश अग्रवाल, सुशील शर्मा, ईश्वर सिंग ठाकुर, रोशन हबलानी, सुनीता गुप्ता, संतोष सोनी, आलोक मिश्रा, त्रिलोक सलूजा, मुकेश साहू, अशोक ध्रुव, अमर मंडावी, अरूण यदू, अशोक तिवारी, नेम तिवारी, सुनील गुप्ता, जीतू शर्मा, विमलदास मानिकपुरी, मुकेश हेंवार, सत्यजीत शेंडे, प्रमोद अग्रवाल, सचिंन्द्र शर्मा व चंद्रशेखर चक्रधारी सहित अन्य कांग्रेसजन मौजूद थे। वही शोभायात्रा के दौरान भींड को नियंत्रित करने के लिये इस बार जिला पुलिस प्रशासन द्वारा चाक चैबंद व्यवस्था की गई थी जिसकी सर्वत्र सराहना करते हुये लोगों ने वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक विजय अग्रवाल के सूझ बूझ की प्रशंसा करते हुये बेहतर व्यवस्था कायमी के लिये उनके प्रति आभार प्रकट किया है। पुलिस प्रशासन द्वारा समुचे शहर मे भारी तादाद मे पुलिस बल की तैनाती के साथ साथ जगह जगह पुलिस सहायता केन्द्र मोबाईल चेक पॉइंट बनाये जाने के साथ साथ महिला पुलिस बल की तैनाती तथा उपद्रवी तत्वों से निपटने के लिये सिविल ड्रेस मे अनेक पुलिस कर्मियों की डयूटी लगाने से संपूर्ण समारोह शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ। शोभायात्रा के दौरान पुलिस की ओर से समुचे भाटापारा शहर की मॉनिटरिंग के लिये विशेष व्यवस्था कर पूरे समारोह व शोभायात्रा के निगरानी किये जाने से संपूर्ण समारोह निर्विध्न रूप से संपन्न हुआ। राम सप्ताह समारोह के अंतिम दिन शोभायात्रा मे व्यवस्था बनाने के लिये अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक हेमसागर सिदार, एसडीओपी एश्वर्य चंन्द्राकर, नगर निरीक्षक परिवेश तिवारी के अलावा सुहेला, हथबंद, सिमगा, बलौदाबाजार, लवन, पलारी, कसडोल एवं रायपुर से आये बटालियन एवं रिजर्व पुलिस बल के जवान का विशेष सहयोग के कारण भाटापारा का ऐतिहासिक व भव्य समारोह पूर्णतरू शांति प्रिय माहौल मे संपन्न हुआ। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक विजय अग्रवाल के द्वारा इस बार शहर के चारो दिशाओं मे वाहनो की पार्किंग की विशेष व्यवस्था अलग अलग स्थानो पर किये जाने से शहर के भीतर किसी भी प्रकार के वाहन नहीं चले जिससे आमजनों को किसी भी प्रकार की तकलीफ व असुविधा नहीं हुई। शोभायात्रा देखने आये लाखों श्रद्धालुओं मे भाटापारा शहर के अलावा ग्रामीण क्षेत्र के साथ साथ हथबंद, तिल्दा, सिलयारी, रायपुर, दुर्ग, राजनांदगांव, बिल्हा, बिलासपुर, चांपा, रायगढ, खरसिया, नांदघाट, संबलपुर, मुंगेली, नवागढ, बेमेतरा, साजा, दामाखेडा सिमगा, बैतलपुर, नारायणपुर, मारो, सरगांव सहित अन्य प्रांतो के विभिन्न नगरो से श्रद्धालु भक्त शामिल थे जिसके कारण तमाम यात्री ट्रेनो व सड़क मार्ग के बस टैक्सी, व अन्य परिवहन मे भारी भीड़ भाड़ का नजारा देखने को मिला। समाचार लिखे जाने तक मर्यादा पुरूषोत्तम भगवान राम की शोभायात्रा का विभिन्न मार्गो पर भ्रमण का क्रम जारी था।





# राजपुर गांव तक शाखा नहर का पानी पहुंचने पर शिवरतन शर्मा ने प्रसन्नता प्रकट की, कहा उनके राजनीतिक जीवन का सबसे ज्यादा आत्मसंतोष

ब्यूरोचीफ संतोष साहू



**भाटापारा।** प्रदेश भाजपा उपाध्यक्ष शिवरतन शर्मा ने ब्लाक के ग्राम राजपुर के दाई तरफ भाटापारा शाखा नहर के पानी पहुंचने पर प्रसन्नता प्रकट करते हुये कहा है कि उक्त क्षेत्र मे नहर का कार्य पूर्ण होने के बाद पानी पहुंचने से लगभग पांच हजार हेक्टेयर क्षेत्र मे अपासी का कार्य हो सकेगा और इसका सीधा लाभ किसानो के साथ साथ आम जनता को प्राप्त होगा। उन्होने उक्त शाखा नहर के कार्य पूर्ण होने पर कहा है कि उन्हे अपने राजनैतिक जीवन का सबसे ज्यादा आत्मसंतोष भाटापारा शाखा नहर मे पानी लाकर कार्यपूर्ण कराने से मिला है शर्मा ने कहा कि जब जब क्षेत्र के किसानो को भाटापारा शाखा नहर से पानी प्राप्त होता है उन्हे मन मे बहुत हीं आत्मसंतोष की अनुभूति होती है। उपरोक्त कार्य के पूर्ण होने पर उन्होने पूर्व मुख्यमंत्री डॉ.रमन सिंग, रायपुर लोकसभा के पूर्व सांसद रमेश बैस, प्रदेश के पूर्व सिंचाई मंत्री स्व. हेमचंद यादव तथा रायपुर क्षेत्र के नवनिर्वाचित सांसद बृजमोहन अग्रवाल के सहयोग के लिये उक्त तमाम नेताओं सहित मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के प्रति आभार प्रकट करते हुये धन्यवाद ज्ञापित किया है। शर्मा ने आगे कहा है कि क्षेत्र मे जब जब कम बारिश हुई तब तब क्षेत्र के किसान सूखे की समस्या को झेलने विवश होते थे जिसको ध्यान मे रखते हुये उन्होने भाटापारा शाखा नहर के कार्यो को प्राथमिकता मे रखकर हर स्तर पर व्यवधान को दूर करते हुये शाखा नहर के रूके हुये कार्य को पूर्ण कराने प्रयास किया और इसी का परिणाम है कि भाटापारा क्षेत्र के टेल एरिया कहे जाने वाले राजपुर तक पानी पहुंच गया है।




**भाटापारा।** किसी भी धर्म के त्यौहार और संस्कृति उसकी पहचान होते हैं,त्यौहार उत्साह,उमंग व खुशियों का ही स्वरूप है लगभग सभी धर्मो के कुछ विशेष त्योहार या पर्व होते हैं। जिन्हें उस धर्म के लोग मनाते हैं ऐसा ही पर्व है थदड़ी। थदड़ी शब्द का सिंधी भाषा में अर्थ होता है ठंडा,शीतल। समाज की कविता छाबड़िया ने बताया कि रक्षा बंधन के आठवें दिन मनाए जाने वाले इस त्योहार में सिंधी समाज के घरों में चूल्हा नहीं जलता,महिलाएँ एक दिन पहले बनाया ठंडा खाना जिसमें लोला, कूप्पर, कोकी, तारवाँ,बेसन की मिस्सी व सूखी सब्जियाँ भिंडी, आलू,करेला सहित कई प्रकार के व्यंजन शामिल है, व उसे बनाती है रात्रि को अग्नि(चूल्हे)की पूजा कर ठंडा करती है।पर्व के दिन आस पास की महिलाएँ पकिवार सहित इकठे होकर जगत जननी शीतला माता के मंदिर जाकर माता की विधिवत पूजा कर माँ से घर परिवार,बच्चों की शाँती की प्रार्थना इस मंगल गीत ठार माता ठार पहिंजे बचणन खे ठार (अर्थ-हे माता हम बच्चों को शीतलता प्रदान कर)से कर आशिर्वाद मांगती है,ततपश्चात अपने घरों में आकर पूरे परिवार के साथ मिलकर ठंडा भोजन करती हैं।

# एससी-एसटी संगठन ने रैली निकालकर एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

ब्यूरोचीफ संतोष साहू



**भाटापारा।** एससी-एसटी संगठन द्वारा भारत बंद के आव्हान का भाटापारा शहर मे विशेष असर नहीं दिखा फि र भी शहर मे शांतिपूर्वक प्रदर्शन करते हुये बंद बुलाया गया। बंद समर्थको ने गुरूनानक वार्ड स्थित अंबेडकर चैक से पटपर तहसील चैक तक रैली निकालकर एससी-एसटी आरक्षण मे वर्गीकरण के फै सले की वापसी को लेकर राष्ट्रपति के नाम एसडीएम नितीन तिवारी को ज्ञापन सौंपा। उक्त अवसर पर दौलत कुंजाम, अमर मंडावी, बंसीलाल नेताम, देवनारायण बांधे, नरेश नेताम, नीलकंठ ध्रुव, टीकाराम, उदय सिंह, मनमोहन कुर्रे, रामसिंग, शैलेंद्र अहिरवार, विजय, रतिराम टंडन, नर्सिंग नेताम, शैल नेताम, शिव कुमार, चैनू ध्रुव, सरिता ध्रुव, सुशील चंद्रकुमार, आशा भारती, नागेश्वर, ओमकारा, मोहन मंडावी, पवन, बालेश्वर, रामचरण, भगवती व सावित्री सहित अनेक लोग शामिल थे।

# यादव समाज ने मनाया जन्माष्टमी



**भाटापारा।** गोवर्धन पूजा समिति द्वारा श्री कृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर विश्व कल्याण की भावना के साथ वृक्षारोपण किया गया व भगवान श्री कृष्ण की पूजा अर्चना कर प्रसाद वितरण किया गया। उपरोक्त अवसर पर कमलेश यादव, सुरेश यादव, माणिक चंद यादव, सुरेश यदु, गिरजा यादव, रवि यादव, सुरेश यादव, रमेश यादव, रिखी यादव, नरेश यादव, श्रीमती फिरंतीन यादव, महेतरीन यादव, बसंती यादव, रेशम यादव, चंद्रिका यादव, शिवकली यादव व सरोज यादव सहित महिला भजन मंडली के सभी महिलाएं एवं अन्य सामाजिक बंधु उपस्थित थे।

# मित्र पुर्नमिलन समारोह संपन्न

**भाटापारा।** शासकीय ईतवारी राम यादव हायर सेकेण्डरी स्कूल मे सन 1990 मे अध्ययनरत छात्रो द्वारा मित्र पुर्नमिलन समारोह का आयोजन स्कूल के संगवारी बैनर तले भाटापारा सुहेला मार्ग पर स्थित एक स्थान पर किया गया। उक्त कार्यक्रम मे रायपुर, बिलासपुर, नागपुर, तथा आंध्रप्रदेश जैसे राज्यों से आये मित्र व सहपाठी अपनी अपनी पुरानी यादों मे खोते हुये मित्र पुर्नमिलन समारोह के जश्न मे डूब गये इस दौरान गीत संगीत, डांस कविता, चुटकुले, शायरी के बीच स्वीमिंग पुल मे मस्ती के बाद स्वादिष्ट भेजन का सभी मित्रो ने भरपूर आनंद लिया। मित्र मंडलियों ने अपने सत्र के कुछ दिवंगत साथियों को याद करते हुये शोक श्रद्धांजलि भी प्रकट की उक्त अवसर पर अजय साहू, बृजेश अग्रवाल, महेश गुप्ता, विनोद मोदी, संजय अग्रवाल, संदीप चैबे,अनुपम कुमार सिंह, राजेन्द्र जोशी, सतीश देवांगन,पवन यादव, पवन देवांगन, मनीष ओस्तवाल, प्रकाश वैष्णव, मनमीत चावला, नरेंद्र पुंशी, जगदीश किंगरानी,आलोक गुप्ता, शरद पंसारी,नंदकिशोर अग्रवाल, विरेंद्र मानसरोवर,दीपक अग्रवाल, नवीन केशरवानी, आलोक चैरिया,मनोज डागा, देवेंद्र सचदेव, राजा खान सहित अन्य लोग उपस्थित थे।





**भाटापारा।** श्री अखण्ड राम नाम सप्ताह के पावन अवसर पर जन्माष्टमी के शुभ दिन सिंधी समाज के लगभग 40 नन्हें मुन्नें बच्चें सिंधी समाज की टोली जो कि सुबह 10 बजे से 12 बजे तक थी,उसमें राधा/कृष्ण के स्वरूप बनकर शामिल हुए जिसका समाजजनों ने जबरदस्त उत्साहवर्धन किया, इस झांकी को देखने हेतु भारी भीड़ भी इकट्ठी हुई, राम धुन समाप्ति पर सिंधुणी सेवा समिति भाटापारा द्वारा सभी बच्चों को प्रोत्साहन स्वरूप पुरस्कार प्रदाय किया गया।

# पहले दृष्टि फिर सृष्टि 25 अगस्त से चल रहा है नेत्रदान पखवाड़ा कार्यक्रम

ब्यूरोचीफ अनिल सिंघानिया

**थानखम्हरिया।** जिला अंधत्व नियंत्रण समिति बेमेतरा के तत्वावधान में कलेक्टर रणवीर शर्मा, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ यशवंत कुमार ध्रुव, डी एच ओ डॉ.अशोक कुमार बंसोड़, जिला कार्यक्रम प्रबंधक राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन बेमेतरा लता बंजारे के मार्गदर्शन में तथा बी.एम.ओ. साजा डॉ. अश्वनी कुमार वर्मा के निर्देशानुसार दृष्टि हीनता एवं अल्प दृष्टि नियंत्रण कार्यक्रम के अंतर्गत 39 वॉ नेत्रदान पखवाड़ा 25 अगस्त से 8 सितंबर 2024 तक मनाया जा रहा है। इसके



तहत् स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भी कार्यक्रम आयोजित किया गया। प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉ स्वदेश जायसवाल, डॉ.अजीत नायक, डॉ. विनय कुमार पाटिल, डा. मनीष कुमार ठाकुर, डॉ.भोर लक्ष्मी, डॉ कल्पना अग्रवाल, डॉ. प्रियंका आयोजन में उपस्थित रहे। नेत्र चिकित्सा सहायक अधिकारी विनोद कुमार साहू ने कार्निया की महत्ता तथा विभिन्न नेत्र रोगों एवं उनके उपचार के बारे में बताया। सी एच सी साजा के वरिष्ठ नेत्र सहायक अधिकारी विनोद कुमार बघेल ने बताया कि एक व्यक्ति के नेत्रदान से दो दृष्टिहीन व्यक्तियों को फायदा होता है। जो व्यक्ति नजर के चस्मे का उपयोग करते हैं एवं जो मोतियाबिंद ऑपरेशन करा चुके हैं वे भी नेत्र दान कर सकते हैं। नेत्रदान से अंधेरी हो चुकी दुनिया को रंगीन दुनिया देखने के काबिल बनाया जा सकता है। भारत शासन के छूट देने के बाद अब कोई भी घोषणा पत्र भरने की आवश्यकता नहीं है जरूरत है तो सिर्फ नेत्र दान के इच्छा की। मृतक का वारिश चाहे तो नेत्र दान कर सकता है। पाम्पलेट वितरण कर उपस्थित सभी कर्मचारियों एवं ग्रामीण जनों को नेत्रदान का संकल्प करवाया गया।

# रामकृष्ण गौशाला में पोला पर्व में गौ माता को खिचड़ी खिलाई गई



**थान खमरिया।** भगवान कृष्ण की पुजा अर्चना कर गौ माता को गो भक्त ो के द्वारा खिचड़ी खिलाई गई। आज भी गाय और बैल को समृद्धि का प्रतीक माना जाता है। मवेशियों का इस देश की कृषि में महत्वपूर्ण योगदान है। हिंदू धर्म में भी गाय बैल और मवेशियों को पूजने की परंपरा है। दीपक तिवारी ने बताया विगत सालों से गौशाला में गौ माता देख- रेख के अभाव में कमजोर व दयनीय हो गई थी। अब नए गोपालक के आने से गौशाला व गायों की स्थिति में सुधार आवेगी, ऐसा हम सबका प्रयास रहेगा।

# 'जिला सहकारी केंद्रीय बैंक में चोरी के आरोपी गिरफ्तार पुलिस को मिली सफलता'

ब्यूरोचीफ अनिल सिंघानिया

थान खमरिया। जिला सहकारी केंद्रीय बैंक ठेलका शाखा में विगत दो माह पूर्व चोरों के द्वारा घुसकर सीसी कैमरा तोड़कर अज्ञात चोरों के द्वारा चोरी करने का प्रयास किया गया। बैंक के लॉकर को ऑक्सीजन गैस कटर से काटने का प्रयास किया गया।




लेकिन लॉकर नहीं खुला, लेकिन गैस कटर की आग से 10 लाख 68500 जलकर राख हो गया है। लेकिन लॉकार में 31 लाख रुपए सुरक्षित रहे, थानखम्हरिया उच्च अधिकारियों के निर्देश सहायक उपनिरीक्षक सुरेश सिंह राजपूत ,आरक्षक जगतारण मंडावी नारंग आरक्षक के जांच पड़ताल खोजबीन से आरोपी को गिरफ्तार कर पूछताछ जारी है । आरोपी आशीष सिंह गोकुलधाम सोसायटी रायपुर का रहने वाला है। आरोपी के द्वारा बताया गया , घटना के दो दिन पूर्व मुआयना करके गए थे। हम तीन लोग आए थे। लॉकर खोलने के हिसाब से कैश पाइप सिलेंडर साथ लाए थे, लेकिन हमें सफलता नहीं मिली DBR के साथ ले गए। सर्वर जीपीएस तार काट दिए पूछताछ करने पर दो साथी का नाम बताया।

दूसरा साथी लीलाराम सोनकर भाटा गांव रायपुर पुरानी बस्ती थाना रायपुर अपराध क्रमांक 298/24 धारा 25 आर्म एक्ट में सेंट्रल जेल रायपुर में बंद है। जिसका साजा न्यायालय से प्रोडक्शन वारंट लिया गया। पुलिस रिमांड लेकर पूछताछ करने पर अपने अन्य साथी धीरज खंडे काली माटी थाना आमगांव महाराष्ट्र के साथ मिलकर चोरी करना बताया। आगे पुलिस ने बताया लीला राम सोनकर से एल पी जी सिलेंडर और सर्वर डी यू आर जीपीएस रायपुर से जप्त किया गया है। फरार आरोपी धीरज खंडे क पता तालाश में थाना स्टाफ को लेकर काली माटी का आम गांव महाराष्ट्र जाकर पता करने पर नहीं मिला थाना आम गांव द्वारा बताया गया। अपराध के बाद से फरार है। आमगांव में भी अपराध किया है। गाड़ी को पुलिस के द्वारा जप्ति बनाया गया है। आगे की विवेचना जारी है।

# ग्राम बेलगांव में 17 बंदरों की मौत वन विभाग एवं पुलिस जांच में जुटी



## जानकारी के बाद एक्शन मोड पर आया वन विभाग

ब्यूरोचीफ अनिल सिंघानिया

थानखम्हरिया। थानखम्हरिया समीप ग्राम बेलगांब फसल की देखरेख के लिए ग्राम सरपंच, ग्राम पटेल, कोटवार एवं ग्रामवासी की उपस्थिति में बंदर भगाने के लिए प्रत्येक घर से 1 किलो चावल व कुछ नगद राशि पर रखवार रखा गया था

बंदर मरने की खबर मिलते ही रखवार के द्वारा क्रूरता पूर्वक से 15 को मार गिराया बंदर के मरते ही आसपास के ग्रामीण अंचल में खबर आग की तरह फैल गयी जिसकी खबर मिलते ही वन विभाग थाना प्रभारी, तहसीलदार मोरजध्वज साहू जी आरआई, पशु चिकित्सा पूरा अमला बेलगांव पहुंच गया और 17 बंदर की मौत की जांच में ड्यूटी के दौरान पंचायत भवन में बैठक लेने के बावजूद ग्रामवासी कुछ बताने में जिम्मेदारी नहीं ले रहे हैं लेकिन पुलिस वन विभाग अपना काम कर रही है इस मामले में वन विभाग पुलिस बल जांच पड़ताल में जुटी है आरोपी के खिलाफ वन्य प्राणी संरक्षण अधिनियम 1972 के साथ वन अपराध दर्ज कर लिया गया है। हमारे प्रतिनिधि द्वारा साजा विधानसभा क्षेत्र के विधायक ईश्वर




साहू से इस विषय में चर्चा होने से उन्होंने घटना के संदर्भ में दुख जाहिर की और मुझे जानकारी नहीं है और जानकारी होने के बाद दोषी के ऊपर कार्रवाई करने की बात कही। वही हिंदू जागरण मंच विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल व भागवत आचार्य कृपाचार्य गौशाला आश्रम के संस्थापक प्रमोद शास्त्री बंदरों की हत्या की घटना से व्यथित होकर दुख व्यक्त किया और उनके द्वारा निंदा की गई और दोषियों पर कड़ी कार्रवाई करने की अपील की है।

**मामले की जानकारी नहीं हैं, जानकारी के बाद उचित जांच कराते हुए जिम्मेदारों पर उचित कार्यवाही की जायेगी- -ईश्वर साहू विधायक**

अन्य गांव से बंदर भगाने वाले को गांव में लाया गया था बुधवार को मेरे घर के सामने ही बंदर भगाने वाले ने बंदूक चलाकर हमला किया जिससे 10 बंदरों की मौत मेरे सामने ही हो गई। दूसरे दिन अन्य घायल हुए बंदरों की मौत हुई । अभी तक कोई कार्रवाई नहीं की गयी है विभाग लगातार जानकारी में जुटे हुए हैं उम्मीद हैं बन्दरों की हत्या करने वालो पर शीघ्र कार्रवाई होगी।

**– सीताराम वर्मा पंच**

# छुई खदान ढहने से मिट्टी में दबी तीन महिलाएं, एक की मौत, दो महिलाएं घायल...

## एसईसीएल परियोजना के खदान में कार्यरत श्रमिकों के लिए बनी लेबर कालोनी के नीचे तरफ नाले में एक दर्दनाक घटना...

ब्यूरोचीफ पंकज शुक्ला

**सूरजपुर** – छत्तीसगढ़ के सूरजपुर में छुई खदान ढहने से मिट्टी में तीन महिला दब गई. इस हादसे में एक महिला की मौत हो गई है, जबकि 2 घायल हैं. घायलों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है. ये महिलाएं अवैध छुई खदान से मिट्टी निकालने गई थी. बता दें कि ये मामला कोतवाली थाना के गेतरा नाला का है. इधर, सूचना मिलते ही मौके पर राजस्व और पुलिस की टीम पहुंच गई है और जांच में जुटी हुई है.

### लगातार मिट्टी निकालने से खदान में बन गई थी सुरंग

जानकारी के मुताबिक, सूरजपुर विकासखंड के सलका महादेव पारा के रहने वाली एक दर्जन आदीवासी महिलाएं शनिवार की सुबह गांव के बाहर गेतरा नाला से लगे अवैध छुई खदान से मिट्टी निकालने गई थी. लगातार मिट्टी निकालने से खदान में सुरंग जैसी बन गई थी, इसी में घुसकर महिलाएं मिट्टी निकालने लगी. हालांकि बगल से नाले बहते हैं, जिसके चलते मिट्टी में कटाव हो



गया था महिलाएं जैसे ही अंदर से मिट्टी बाहर निकालने की कोशिश की उसी दौरान एकाएक उपर से मिट्टी का मलबा भारी मात्रा में गिर गया. इस हादसे में अंदर घुसी तीन महिलाएं दब गई. वहीं बाकी लोगों ने हल्ला मचाया तो आसपास के लोग इकट्ठा होकर दबी हुई महिलाओं को तत्काल मिट्टी हटाकर निकाला, हालांकि जब फुलमेत सिंग (22 वर्ष) नाम की एक महिला की मौत हो गई थी, जबकि धविंदर और घायल हो गई. इन दोनों घायलों को सूरजपुर जिला अस्पताल भेजा गया, जहां इलाज चल रहा है !!



### आजीविका का साधन है ये छुई मिट्टी -

*आदिवासी बाहुल्य सूरजपुर जिले में मिट्टी से बने कच्चे मकानों की पुताई करने के काम में ये छुई मिट्टी का उपयोग किया जाता है. साथ ही ये आदिवासी महिलाओं के आजीविका का साधन भी है. महिलाएं अवैध खदाने से अपनी जान जोखिम में डालकर यह मिट्टी निकालती हैं, जिसे बेचकर इन्हें कुछ रुपये मिलते हैं, लेकिन ऐसे असुरक्षित खदानों में कभी भी हादसा हो सकता है।*

### मिट्टी निकालने से कमज़ोर हुई खदान -

गेतरा नाला में, जहां छुई मिट्टी निकालने आदिवासी महिलाएं पहुंची थी, वहां करीब 10 फीट तक सुरंग बनी हुई है और महिलाएं इसी सुरंग में घुसकर छुई मिट्टी निकालती हैं.आज भी महिलाएं छुई मिट्टी निकालने पहुंची थी, जहां बारिश के कारण खदान कमजोर होकर धंस गई, जिसके कारण यह हादसा हो गया.

### मौके पर पहुंचा प्रशासनिक अमला -

छुई खदान में दबने की जानकारी मिलने पर राजस्व विभाग पुलिस और खनिज विभाग की टीम मौके पर पहुंची. फिलहाल टीम हादसे की जांच कर रही है. वहीं अवैध छुई खदान को लेकर तहसीलदार समीर शर्मा से एनडीटीवी ने बात की तो उन्होने घटना की जांच की बात कर छुई खदान के सुरंग को बंद कराने की बात कही.

### जनसमस्या निवारण शिविर देवटिकरा में विधायक राजेश अग्रवाल हुए शामिल

# विभिन्न योजनाओं के तहत 4.03 करोड़ की राशि वितरित, एक पेड़ मां के नाम अभियान से जुड़ने की अपील

## 700 से ज्यादा हितग्राहियों को हुआ राशि चेक, प्रमाण पत्र और सामग्री का वितरण

ब्यूरोचीफ पंकज शुक्ला





**अंबिकापुर/** जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर की कड़ी में शुक्रवार को चौथा शिविर उदयपुर के ग्राम देवटिकरा में आयोजित किया गया। जहां सर्वे उपरांत प्राप्त आवेदनों में 790 प्रकरणों का निराकरण किया गया और 700 से ज्यादा हितग्राहियों को राशि चेक, प्रमाण पत्र और हितग्राही मूलक सामग्री वितरण किया गया। शिविर में विभिन्न योजनाओं के तहत 4.03 करोड़ के राशि चेक वितरित किए गए। शिविर में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल अम्बिकापुर विधायक श्री राजेश अग्रवाल ने आम जन को संबोधित करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के निर्देशानुसार जनसमस्या निवारण शिविर के माध्यम से जिला प्रशासन द्वारा आमजन तक पहुंचकर उनकी समस्याओं का निराकरण किया जा रहा है।

अधिक से अधिक संख्या में शामिल होकर इसका लाभ उठाएं। उन्होंने कहा कि आगामी समय में 2-3 महीने के भीतर ही इस तरह के शिविर आयोजित करने प्रशासन से अपील की गई है जिससे लोगों को सहूलियत हो और शासन-प्रशासन के प्रति लोगों का विश्वास बढ़े। उन्होंने शिविर में कहा कि शासन द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना चलाई जा रही है जिससे जरूरतमंदों के पक्के आवास का सपना पूरा हो रहा है। उन्होंने लोगों से एक पेड़ मां के नाम अभियान से जुड़ने और इसकी सुरक्षा का भी संकल्प लेने को अपील की। शिविर में कलेक्टर श्री विलास भोसकर, सीईओ जिला पंचायत श्री नूतन कंवर, एसडीएम उदयपुर श्री बनसिंह नेताम सहित स्थानीय जनप्रतिनिधि, अधिकारी कर्मचारी और बड़ी संख्या में ग्रामीण जन मौजूद रहे।



## इन्द्र साव ने भाटापारा को राष्ट्रीय राजमार्ग से जोड़ने की मांग की



**भाटापारा।** क्षेत्रिय विधायक इंन्द्र साव ने गत दिनो अपने दिल्ली प्रवास के दौरान केन्द्रीय सड़क परिवहन मंत्री नितीन गड़करी से मुलाकात करते हुये भाटापारा से लिमतरा नांदघाट व भाटापारा से बलौदाबाजार कुल 45 किलोमीटर लंबी सड़क को राष्ट्रीय राजमार्ग की परीधि मे लेते हुये उक्त मार्ग को राष्ट्रीय राजमार्ग से जोड़ने के संबंध मे ज्ञापन सौंपा केन्द्रीय मंत्री गड़करी ने विधायक इंन्द्र साव की मांग पर सहानुभूति पूर्वक कार्यवाही के निर्देश दिये है। यह विदित रहे कि केन्द्रीय मंत्री ने रायपुर बलौदाबाजार मार्ग को राष्ट्रीय राजमार्ग से जोड़ने का स्वीकृति प्रदान की है। गड़करी से मुलाकात के दौरान साव ने केन्द्रीय मंत्री को बताया कि 45 किलोमीटर लिमतरा-नांदघाट-बलौदाबाजार मार्ग को राष्ट्रीय राजमार्ग बनाये जाने से क्षेत्र के औद्यौगिक व्यवसायिक लोगों को आवागमन मे सुविधा प्राप्त हो सकेगा साव ने कहा कि भाटापारा क्षेत्र मे विभिन्न सीमेंट संयंत्र, स्पंज आयरन सहित लगभग 511 से अधिक छोटे बडे उद्यौग स्थापित है जहां निर्मित व उत्पादित वस्तुयें प्रदेश के अलावा देश के अन्य राज्यों तक भारी वाहनो के जरिये सड़क मार्ग से भेजा जाता है इस लिहाज से हजारो की संख्या मे भारी वाहन सड़क मार्ग पर आवाजाही कर रहे है इसको देखते हुये फ ोर लेन सड़क निर्माण की नितांत आवश्यकता है। जनहित मे लिमतरा-नांदघाट-भाटापारा-बलौदाबाजार तक राष्ट्रीय राजमार्ग के रूप मे घोषित करते हुये 45 किलोमीटर लंबी फोर लेन सड़क का निर्माण शीघ्र किया जावे ताकि लोगों को सहूलियत व सुविधा हासिल हो सके। भाटापारा बलौदाबाजार मार्ग पर गत वर्षो के लगातार बढ रहीं सड़क दुर्घटना से भी लोगो को निजात दिलाने के लिये उक्त मार्ग का चैडीकरण व राष्ट्रीय राजमार्ग के रूप मे उन्नयन जरूरी हो गया है।

## तीजा पर्व के कारण भाटापारा बाजार में करेला ने दिखाये तेवर



**भाटापारा।** तीजा पर्व को लेकर तिजहारिन माता बहनें अपने अपने मायके की ओर पहुंच रहीं है इस दौरान गुरूवार को तमाम महिलायें करू भात यानी करेला भात का सेवन करेंगी और शुक्रवार को निर्जला व्रत रहते हुये शनिवार गणेश चतुर्थी के दिन अपना व्रत तोडेंगी। तीजा मे करू भात खाकर तीजा व्रत रखने का विधान है जिसके तहत गुरूवार को चांवल के साथ घर घर करेला की सब्जी पकाकर तीजा उपवास रहने वाली महिलायें करू भात सेवन कर शुक्रवार को निर्जला व्रत रखेंगी। तीजा पर्व मे करू भात खाये जाने की परंपरा के चलते स्थानीय बाजार मे करेला सब्जी की बडी तादाद मे बिक्री का क्रम बुधवार से प्रारंभ हो गया। मांग अधिक होने के कारण करेला सब्जी के भाव मे बुधवार शाम से हीं उछाल आ गया है और संभावना है कि गुरूवार को करेला सब्जी का भाव और अधिक उछाल लेते हुये 80 रूपये से 100 रूपये प्रतिकिलो तक पहुंच सकता है। तमाम सब्जी विक्रेता करेला सब्जी की भारी मांग को देखते हुये करेला की बडी खेप मंगा रहे है और प्रायरू सभी दुकानो मे करेला सब्जी की बिक्री शुरू हो गई है। इस प्रकार तीजा पर्व के चलते करेला की पूछ परख बढ गई है व इसके भाव आसमान छूने आतुर है।

# देशभक्ति हमारे दिलों की धड़कन है: राजाराम

विशेष प्रतिनिधि




**कोंडागांव।** नगर के शासकीय इनडोर ऑडिटोरियम में युवा शक्ति फाउंडेशन के तत्वावधान में एक शाम शहीदों के नाम कार्यक्रम का आयोजन संपन्न हुआ। कार्यक्रम में जिले के अग्रणी शिक्षा संस्थानों के छात्र-छात्राओं ने हिस्सा लिया। कार्यक्रम का प्रमुख आकर्षण जिला स्तरीय लोक नृत्य प्रतिस्पर्धा और देशभक्ति पर आधारित नृत्य नाटिकाएं रहीं, जिनमें छात्राओं ने अद्वितीय प्रदर्शन किया। देशभक्ति का जज्बा और सांस्कृतिक धरोहर का अनूठा संगम समूचे कार्यक्रम में मुख्य रूप से उभरता नजर आया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि देश के सर्वश्रेष्ठ किसान पुरस्कार प्राप्त डॉ. राजाराम त्रिपाठी राष्ट्रीय समन्वयक, अखिल भारतीय किसान महासंघ (आइफा), चेयरमैन, सेंट्रल हर्बल एग्रो मार्केटिंग फेडरेशन ऑफ इंडिया (चेम्फ), सदस्य, राष्ट्रीय औषधीय पादप बोर्ड के सदस्य ने अपने संबोधन में कहा, देशभक्ति एक दिन का त्योहार नहीं बल्कि यह हमारे दिलों की धड़कन में समाया हुआ है। आयोजन में जवाहर नवोदय विद्यालय ने भारत की आजादी की लड़ाई और रानी लक्ष्मीबाई की वीरता को नृत्य नाटिका के माध्यम से प्रस्तुत किया गया। जिसे दर्शकों से विशेष सराहना मिली।अनेक स्कूलों के बच्चों ने देशभक्ति से ओतप्रोत अपनी-अपनी प्रस्तुति दी।





# जिले के 2 लाख 14 हजार 601 महिलाओं के खाते में अंतरित हुई महतारी वंदन योजना की राशि

## पहाड़ी कोरवा श्रीमती हिरामणी ने की योजना की प्रशंसा, मुख्यमंत्री को दिया धन्यवाद

ब्यूरोचीफ पंकज शुक्ला

**बलरामपुर**- मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के द्वारा आज प्रदेश की 70 लाख महिलाओं को तीजा के अवसर पर बड़ी सौगात दी है। उन्होंने मुख्यमंत्री निवास में आयोजित तीजा-पोरा महतारी वंदन तिहार के मौके पर महतारी वंदन योजना के 07वीं किस्त की राशि के रूप में 01-01 हजार रुपए डीबीटी के माध्यम से महिलाओं के खाते में अंतरित किये। गौरतलब है कि प्रदेश में महिलाओ के आर्थिक स्वावलंबन तथा उनके स्वास्थ्य एवं पोषण स्तर मे सतत् सुधार तथा परिवार में उनकी निर्णायक भूमिका सुदृढ़ करने हेतु महतारी वंदन योजना की शुरूआत की गई है। जिसके तहत् बलरामपुर-



रामानुजगंज जिले में भी 02 लाख 14 हजार 601 महिलाओं को 07वीं किस्त के रूप में डीबीटी के माध्यम से उनके खाते में राशि हस्तांतरित हुई।

बलरामपुर विकासखण्ड के ग्राम पंचायत सरगवां की निवासी पहाड़ी कोरवा श्रीमती हिरामणी ने बताया कि महतारी वंदन योजना की 07वीं किस्त के रूप में आज मेरे खाते में 01 हजार रुपये जमा हो गये हैं। श्रीमती हिरामणी ने शासन की इस महत्वाकांक्षी योजना की प्रशंसा करते हुए कहा कि यह योजना महिलाओं को आर्थिक रूप से स्वावलंबन बनाने की योजना है। आगे वे बताती हैं कि उनके पति खेती व मजदूरी का कार्य करते हैं। हमारा परिवार आर्थिक रूप से कमजोर होने के कारण परिवार के पालन-पोषण तथा शिक्षा में ध्यान नहीं दे पाती थी। उन्होंने कहा कि महतारी वंदन योजना से हर माह मेरे बैंक खाते में 1000 हजार रुपये आ जाते हैं, जिसका उपयोग मैं परिवार की छोटी-बड़ी जरूरतों को पूरा करने में करती हूं। उन्होंने बताया कि उन्हें विगत 06 माह से योजना के तहत राशि प्राप्त हो रही है। जिसका उपयोग वे अपने एवं अपने परिवार की जरूरतों को पूरा करने में करती हैं। साथ ही हिरामणी ने बताया कि वह सुकन्या समृद्धि योजना के तहत अपनी बेटी के लिए बैंक पैसे भी जमा कर रही है। उन्होंने महतारी वंदन योजना को जरूरतमंद महिलाओं के लिए मुश्किल समय का सहारा बताया। प्रदेश सरकार की महत्वाकांक्षी महतारी वंदन योजना से अब प्रतिमाह 1000 रुपए खाते में जमा हो रहा है, जिससे महिलाएं अपनी जरूरतों को पूरा कर पा रहीं हैं। जिससे वे निर्भीक होकर अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन कर पा रहे हैं। उन्होंने महतारी वंदन योजना को महिलाओं के लिए उपयोगी एवं लाभप्रद बताते हुए मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के प्रति आभार व्यक्त करते हुए उन्हें धन्यवाद ज्ञापित किया

# पैठु तालाब स्थित मंदिर में कृष्ण जन्माष्टमी उत्सव मनाया गया

ब्यूरोचीफ अनिल सिंघानिया

**थान खम्हरिया।** सैकड़ो साल पुराना प्राचीन मंदिर जहां भगवान राम ,लक्ष्मण, भरत ,शत्रुघ्न, मां सीता के साथ हनुमान जी की मूर्ति स्थापित है। पंडित मोहन शर्मा ने बताया यह मंदिर सैकड़ो साल से स्थापित है। जीर्णाअवस्था में होने के कारण जर्जर हो चुका था। जिसे जन सहयोग से विधि विधान से आचार्यो के द्वारा पूजा अर्चना कर नया मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा कर स्थापित किया गया। वही ऊपर दूसरे भाग में भगवान शिव पार्वती परिवार की मूर्ति स्थापित की गई। नवीन मंदिर में जन्माष्टमी उत्सव धूमधाम से मनाया गया। भगवान कृष्ण का झूला उत्सव मनाया गया, तालाब के किनारे मंदिर होने के कारण और सुंदरता बढ़ गई। भगवान को विशेष झूलों में झूलने की परंपरा निभाई गई, मंदिर परिसर में भव्य सजावट लाइटिंग की गई थी। शाम से लेकर



देर रात तक भक्त मंदिर में झूला दर्शन के लिए पहुंचे। पुजारी महाराज जी ने बताया, इस दिन जन्माष्टमी उत्सव का महत्व बताते हुए। व्रत की महिमा पर प्रकाश डालते हुए बताया। कि इस दिन बिना अन्य खाए भगवान कृष्ण की पूजा करने से पिछले तीन जन्मों के पाप खत्म हो जाते हैं। साथ ही मनोकामना भी पूरी होती है। इस उपवास से सभी कामों में जीत मिलती है। उपवास इसलिए करते हैं, ताकि भगवान की पूजा करते समय मन, शरीर ,विचार शुद्ध रहे कष्ट दरिद्रता खत्म होती हैं।



# समस्त प्राणियों पर सद्भावना दयालुता रखना ईश्वरीय भक्ति ही है - पं प्रमोद शास्त्री

ब्यूरोचीफ अनिल सिंघानिया

**थानखम्हरिया।** समीपस्थ ग्राम तेंदों में स्व0 श्रीमती अन्नपुणीमिश्र की स्मृति में आयोजित श्री भागवत प्रवचन माला के तृतीयपुष्प अर्पित करते हुए धर्मसम्राट स्वामी श्री करपात्रीमहाराजजी के कृपापात्र शिष्य भागवतभूषण आचार्यश्री प्रमोदशाहमी मानस केशरी जी महाराज ने कहा भागवत जी में कपटरहित भक्ति की चर्चा है।



समाज में लोभ की प्रवृति ही हिरण्यास है। लोभ रूपी हिरण्याक्ष को मारने के लिए भगवान को वाराह रूप अवतार लेकर आना पड़ा।लोभ को जीतने के लिए यज्ञ, दानादि करने का विधान है। वाराहभगवान यज्ञ का अवतार है। श्रीशास्त्रीजी शिव-सती की कथा को मार्मिक ढंग से समझाते हुए कहा कि भगवान की लीला विचित्र है तभी तो माता सती को भी भ्रम हो गया कि रामजी भगवान नहीं राजकुमार हैं। सीता का वेष धारण करली- परिणाम स्वरूप सती को देह त्याग करना पड़ा। शिवजी ने सती को दोष न देकर हरि ईच्छा से भावी प्रबल होता है। वही सती पार्वतीरूप में पुन: जन्म लेकर शिव की पत्नी बनी और समस्त राम कथा सुनकर मोह को नष्ट की।भगवान कपिल देव का चरित्र वर्णन करते हुए कहा कि भगवान का पाँचवा अवतार है संसार में भक्तों के लिए सांख्य शास्त्र का उपदेश देकर अपनी माँ देवहूति को मुक्ति प्रदान कराई।महाराज श्री ने ध्रुवचरित्र, विस्तार पूर्वक निरुपण कर बताया कि भगवान की भक्ति करने का अभ्यास बाल्यावस्था से होनी चाहिए। ध्रुव ने 5 वर्ष की आयु में ही भगवदर्शन किया।

जो आज भी भगवानकी गाद में उत्तर दिशा में ध्रुवतारा के रूप में दिखाई पड़ता है।ध्रुवतारा का रोज दर्शन करना चाहिए जिससे अच्छी प्रेरणा मिलती है। हर माता पिता अपने बच्चों को भगवान की भक्ति पूजा का संस्कार हैं। इसके जिए पहले माता पिता को भगवान का भजन एजन काना सेगा। माँबाप नास्तिक होंगे तो संतान कैसे आस्तिक होगा। अत: सभी माता पिता पहले आस्तिक बनें।श्री शास्त्री जी अध्यात्मिक वक्ता के साथ समाज सेवा, गोसेवा में तत्पर रहते हैं। इसलिए 2-3 दिन पूर्व बेलगाँव (साजा तह0) में रखवार ने कुछ बंदरों को गोली मार कर मार डाला जिसकी घोर निंदा होनी चाहिए तथा ऐसे लोगों को कठोर दंड मिलना चाहिए ।गाय, बंदर अन्य पशुपक्षी की रक्षा करनी चाहिए। निरीह पशुपक्षियों को निर्ममतापूर्वक हत्या करना अक्षम्य अपराध है। नुकसान करनेवाले पशुपक्षियों वहाँ से भगाना चाहिए। छतीसगढ़ अध्यात्ममंडल के अध्यक्ष होने के नाते हम इस घटना की कड़ी निंदा करते हैं भविष्य में ऐसी घटना न हो। व्यासपीठ में श्री शास्त्री जी माल्यार्पण अभिनंदन करने वालों में कुछ प्रमुख व्यक्ति हैं चन्द्रभान मिश्रा, विकाशमिश्रा, दिनेश चंद्राकर रामेश्वर चंद्राकर , सौमित्र , अर्पित , निर्मित मिश्रा आदि।कथा आयोजक ने अधिक संख्या में कथाश्रवण हेतु भक्तों से आग्रह किया । प्रवचन 2 बजे से 7 बजे शाम तक होता है।।

# जर्जर पुल से लोग हलाकान कभी भी गंभीर हादसा की आशंका

ब्यूरोचीफ संतोष साहू

भाटापारा। भाटापारा बिलासपुर सड़क मार्ग पर शहर से सात किलोमीटर दूर शिवनाथ नदी पर स्थित लगभग 50 वर्ष पुराना पुल जो कि भाटापारा व बिलासपुर सड़क मार्ग के अलावा लगभग 100 से अधिक अन्य गांव जो दुर्ग, बेमेतरा, मुंगेली, बिलासपुर जिलो को जोड़ते है।



उक्त गांव के तमाम लोग अपने व्यवसायिक, कृषि उपज, शैक्षणिक, स्वास्थ्य एवं दैनिक रोजी रोटी तथा अन्य कार्यो से उक्त पुल को पारकर इसी रास्ते से आवाजाही करते है लेकिन वर्तमान मे सेमरिया घाट पुल पूरी तरह जर्जर हो चुका है जगह जगह एक से डेढ फ ीट के बडे बडे गडढे हो जाने से तमाम दुपहिया चैपहिया वाहनो एवं यात्री बस तथा माल वाहक गाड़ियों को आवाजाहीं मे दिक्कतो से जूझना पड़ रहा है। कुछ माह पूर्व घनघोर बारिश के चलते कई दिनो के लिये सेमरिया घाट पुल डूब गया था इसी दौरान किसी अज्ञात तत्वों ने पुल के किनारे लगे रेलिंग पाईप को पार कर दिया है जिससे अब पुल मे सुरक्षा घेरा नहीं होने से खतरा बढ गया है क्योकि एक ओर जहां पुल जर्जर हालत मे है वहीं सुरक्षा घेरा नहीं होने से बहते पानी मे कभी भी गंभीर हादसा घटित हो सकता है जनहित मे उक्त जर्जर पुल को तत्काल मरम्मत किये जाने की जरूरत है वहीं पुल के सुरक्षा घेरे को और मजबूत करते हुये वहां पर रेलिंग लगाने के कार्य को भी प्राथमिकता से करने की दिशा मे लोक निर्माण विभाग को इस ओर ध्यान देना चाहिये। उक्त पुल के जरिये भाटापारा से सरगांव, बैतलपुर, नारायणपुर, मारो पुटपुरा, चक्रवाय, बिलासपुर, पथरिया, बेमेतरा, नवागढ, उमरिया, दाढी तक का सफ र लोग करते है लेकिन वर्षो पुराने पुल के जर्जर होने से उक्त मार्ग पर आने जाने वाले लोग हलाकान है खासकर रात को उक्त पुल पर कभी भी गंभीर हादसा हो सकता है कुछ माह पूर्व उक्त पुल के दूसरी ओर मारो चैकी क्षेत्र मे लूट की वारदात हुई थी उसका मद्देनजर रखते हुये पुल के पास आवश्यक प्रकाश व्यवस्था किये जाने की भी जरूरत है।

पहले की तुलना मे भाटापारा बिलासपुर मार्ग का सेमरिया घाट पुल अति व्यस्त मार्ग हो गया है हालांकि साल भर पूर्व सेमरिया घाट पर नये पुल निर्माण के लिये बजट मे घोषणा की गई है लेकिन उक्त घोषणा का पुल निर्माण कार्य अब तक प्रारंभ नहीं होने से लोगो को अभी भी परेशानी से निजात नहीं मिल सका है जनहित मे सेमरिया घाट पर नये पुल निर्माण की नितांत आवश्यकता है जिसे शीघ्र प्रारंभ किया जाना चाहिये साथ हीं नये पुल निर्माण होने तक वर्तमान सेमरिया घाट के जर्जर पुल को व्यवस्थित करने की दिशा मे भी प्रयास होना चाहिये।

**नाबालिग से जबरन दुष्कर्म कारित किये जाने के मामले मे सरगुजा पुलिस की सख्त कार्यवाही**

# आरोपी किया गया गिरफ्तार

**थाना लखनपुर पुलिस टीम द्वारा मामले मे आरोपी के विरुद्ध की गई सख्त वैधानिक कार्यवाही**

ब्यूरोचीफ पंकज शुक्ला

**अंबिकापुर।** सरगुजा पुलिस द्वारा नाबालिग सम्बन्धी अपराधों मे शामिल आरोपियों पर लगातार सखूती से कार्यवाही की जा रही हैं, इसी क्रम मे मामले का संक्षिप्त विवरण इस प्रकार हैं कि प्रार्थी द्वारा दिनांक 24/08/24 कों थाना लखनपुर आकर रिपोर्ट दर्ज कराया कि घटना दिनांक 18/08/24 कों प्रार्थी सपरिवार खाना पीना खाकर सो रहा था, देर रात प्रार्थी की पत्नी बताई कि इसकी नाबालिग लड़की अपने घर में नही हैं, तब प्रार्थी एवं उसकी पत्नी अपनी नाबालिग लड़की कों खोज रहे थे उसी दौरान प्रार्थी की नाबालिग लड़की अनुज मुण्डा के साथ खड़ी मिली जिसे अपने साथ घर ले जाकर पूछताछ करने पर पीड़िता बताई कि घटना दिनांक कों अनुज मुण्डा पीड़िता कों डरा धमकाकर अपने साथ ले गया और अपने घर ले जाकर पीड़िता के साथ जबरन दुष्कर्म की घटना कारित किया हैं,प्रार्थी के रिपोर्ट पर मामले में अपराध क्रमांक 208/24 धारा 96, 64(1)बी. एन. एस. एवं पोक्सो एक्ट की धारा 6,8 का






**नाबालिग सम्बन्धी अपराधों मे शामिल आरोपियों के विरुद्ध सरगुजा पुलिस द्वारा की जा रही लगातार सख्त कार्यवाही।**

अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया । दौरान विवेचना पुलिस टीम द्वारा पीड़िता से घटना के सम्बन्ध में पूछताछ कर मामले के आरोपी अनुज मुण्डा का पता तलाश किया जा रहा था, पुलिस टीम के सतत प्रयास से मामले के आरोपी अनुज मुण्डा की घेराबंदी कर पकड़कर पूछताछ किया गया, पूछताछ में आरोपी द्वारा अपना नाम अनुज मुण्डा उम्र 18 वर्ष 07 माह साकिन बंधा लखनपुर का होना बताया, आरोपी से घटना के सम्बन्ध में पूछताछ किये जाने पर अपराध घटित किया जाना स्वीकार किया गया, आरोपी के विरुद्ध अपराध सबूत पाये जाने से गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में भेजा जाता हैं।

सम्पूर्ण कार्यवाही में थाना लखनपुर से सहायक उप निरीक्षक रामचंद्र यादव, सहायक उप निरीक्षक निर्मला कश्यप, प्रधान आरक्षक रवि सिंह, महिला आरक्षक नमिता तिग्गा, आरक्षक जानकी राजवाड़े शामिल रहे।

# सायकिल मिलने की खुशी में घंटी बजाकर शिवरतन का किया स्वागत



ब्यूरोचीफ संतोष साहू

**भाटापारा।** भाटापारा ब्लाक के ग्राम गोढी टोपा मे स्थित शासकीय हाई स्कूल मे अध्ययनरत कक्षा 9 वीं के 27 छात्राओं को प्रदेश भाजपा उपाध्यक्ष शिवरतन शर्मा के कर कमलो से सायकिल वितरण किया गया। उक्त अवसर पर शिवरतन शर्मा ने उपस्थित छात्राओं अभिभावक एवं स्कूल स्टाफ को संबोधित करते हुये कहा कि भाजपा सरकार विकास की गंगा बह रहीं है लगातार क्षेत्रवासियो को सीधे तौर पर लाभ देने का काम भाजपा सरकार कर रही है। सरस्वती सायकल योजना के तहत गोढी टोपा के 27 छात्राओं को सायकिल मिलने से सुदूर क्षेत्र से स्कूल तक पढने के लिये आने जाने वाले छात्राओ को अब आने जाने मे कोई परेशानी उठानी नहीं पडेगी। उन्होने छात्राओं को पूरी तन्मयता से ध्यान देकर अध्ययन अध्यापन का कार्य करने की नसीहत देते हुये शैक्षणिक स्तर को बनाये रखने कहा। उन्होने आगे कहा कि शासन स्कूल व छात्राओं की हर जरूरत के हिसाब से आगे भी काम करेगी उन्होने बेटियों के आगे पढने के कदम को और अधिक प्रोत्साहित करने पर जोर देते हुये कहा कि छात्राओं के शिक्षित होने से दो परिवारो को आगे लाभ होता है। उक्त सायकिल वितरण कार्यक्रम के दौरान सभी 27 छात्राओं ने सायकिल मिलने की खुशी मे एक साथ घंटी बजाकर खुशी प्रकट की व शिवरतन शर्मा एवं विष्णुदेव साय सरकार के प्रति प्रसन्नता पूर्वक आभार प्रकट किया। उपरोक्त अवसर पर बिपीन दुबे, उत्तरीबाई घोसले, पवन साहू, युगल साहू, मिथलेश साहू, भरत साहू, निदेश साहू, नीलकमल साहू, दिलीप साहू, रामचंद साहू, खेलू जांगडे, शोभाराम ध्रुव व भूपेन्द्र वर्मा सहित बडी संख्या मे गांववासी एवं स्कूल स्टाफ के लोग मौजूद थे।

# भाटापारा पुलिस को बडे चोर गिरोह को पकड़ने में सफलता मिली

ब्यूरोचीफ संतोष साहू





**भाटापारा।** पुलिस ने गत दिनो टेंडराम नगर कालोनी मे हुये एक चोरी के प्रकरण मे अपचारी बालक सहित फरार तीन लोगों को पकड़ने मे शहर पुलिस ने सफलता हासिल की है। उक्त संबंध मे नगर निरीक्षक परिवेश तिवारी ने बताया है कि टेंडराम कालोनी निवासी विजय सबलानी के मकान मे चोरों ने धावा बोलते हुये उसके घर के अंदर ताला तोड़कर प्रवेश किया व घर मे रखे सोना चांदी के आभूषण एवं नगदी राशि को चोरी कर फ रार हो गये थे उक्त घटना की रिपोर्ट के बाद पुलिस ने लगातार पतासाजी करते हुये विभिन्न सीसी टीवी कैमरे को खंगालने के बाद महासमुंद, जांजगीर व रायपुर जिलो की पुलिस टीम से संपर्क करते हुये लगभग पांच सौ से अधिक सीसी टीवी फ टेज का अवलोकन करने के पश्चात उपरोक्त घटना मे लिप्त चोरों को पकड़ने मे सफ लता हासिल की है। पकडे गये चोरों से लगभग 14 लाख रूपये का सोना चांदी के जेवरात सहित दो लाख सत्तर हजार रूपये नगद भी बरामद किया है। उक्त चोरी की घटना मे पहले पुलिस ने बिलासपुर निवासी सेंडी उर्फ संतोष को पकड़ा था सेंडी उर्फ संतोष के पकड़े जाने की जानकारी उनके साथी चोरो को होने पर वे लगातार भाग रहे थे जिसे पुलिस ने अथक प्रयास पर पकड़ा है। पकडे गये चोर मे एक अपचारी बालक सहित तीन अन्य लोग भी पुलिस के हत्थे चढ गये है अपचारी बालक के उपर जिला बिलासपुर मे चोरी के पांच से अधिक मामले दर्ज है उसके द्वारा भाटापारा के अलावा महासमुंद जांजगीर एवं रायपुर जिले मे भी चोरी की घटना को अंजाम दिया गया है। चोरी प्रकरण मे पकडे गये अपचारी बालक को संप्रेषण गृह भेजा गया है। वहीं रूस्तम अंसारी निवासी इमलीपारा बिलासपुर रेहाना शेख निवासी तोरवा बिलासपुर को भी पुलिस ने पकडकर न्यायिक रिमांड पर भेजा है। इस तरह शहर मे एक बडे चोरी का खुलासा करने मे पुलिस प्रशासन को सफ लता मिली है। उपरोक्त चोरों के विरूद्ध भारतीय न्याय संहिता की धारा 331 (4), 305 (अ) बीएनएस कायम किया गया था।

# भाटापारा में बिगड़ती यातायात व्यवस्था में सुधार की दरकार




ब्यूरोचीफ संतोष साहू

**भाटापारा।** प्रदेश के सातवें नंबर के सबसे बडे नगर भाटापारा शहर की यातायात व्यवस्था को लेकर प्रशासनिक पहल नहीं होने से लोगों की परेशानी कम नहीं हो रहीं है। प्रमुख चैक चैराहे के अलावा शहर की अनेक सड़को पर निरंतर जाम के हालात बन रहे है जिससे ट्रैफि क जाम मे फं सकर लोग प्रशासनिक व्यवस्था कोस रहे है लगातार मांग के बावजूद शहर मे ट्रैफि क बल नहीं बढाया गया है जिससे व्यस्ततम चैक चैराहे पर बिना ट्रैफि क पुलिस के भेंडचाल मे यातायात व्यवस्था परेशानी का कारण बनी हुई है। और तो और अनेक स्थानो पर ट्रैफि क सिग्नल के बिगडने के बाद सिग्नल व्यवस्था बंद होने से लोग चैक चैराहे मे भी चारो दिशाओं से मनमानी तौर पर निकल रहे है जिससे आये दिन दुर्घटनायें हो रहीं है वहीं तू तू मै मै की लगातार स्थिति बन रहीं है शहर के न्यू बस स्टैड चैक मे सिग्नल व्यवस्था ठप्प है वहीं ट्रैफि क बल भी नदारद रहने से वहां पर लगातार सुबह से लेकर रात तक जाम के हालात बन रहे है इसी प्रकार की स्थिति हास्पिटल चैक व गोविंद चैक सदर बाजार मे भी बन रहीं है जबकि कायदे से उक्त स्थानो पर ट्रैफि क बल पदस्थ कर यातायात व्यवस्था को नियंत्रित किया जा सकता है। पूर्व मे जैन मंदिर के पास बेरियर लगाकर ट्रैफि क बल पदस्थ किया गया था लेकिन वर्तमान मे वहां पर बेरियर व ट्रैफि क बल दोनो नहीं होने से 24 घंटे छोटे बडे भारी वाहन की आवाजाही के चलते यातायात बाधित हो रहा है खासकर सदर बाजार हटरी बाजार मे तो कोई व्यवस्था नाम की चीज हीं नहीं रह गई है इसी प्रकार पूर्व मे एकलव्य स्कूल सचदेव सायकल स्टोर्स के समीप ट्रैफि क बल तैनात कर तमाम भारी व छोटे वाहनों को शहर प्रवेश से रोका जाता था लेकिन वह व्यवस्था भी वर्तमान मे नहीं होने तमाम प्रकार के वाहनों का प्रवेश निर्बाध गति से शहर के भीतर हो रहा है और तो और यात्री बस व स्कूल बस भी बेखौफ भीड़भाड़ वाले इलाके मे दौड़ रहीं है पुलिस की व्यवस्था नहीं होने से 24 घंटे गिटटी रेती सीमेंट छड़ व मकान का मलबा लेकर आने जाने वाले तमाम प्रकार के छोटे बडे वाहन फ रांटे से शहर के भीतर दौड़ रहे है इसी प्रकार की स्थिति भिलाई दुर्ग से विभिन्न खाई खजाना का आयटम लेकर पहुंचने वाले भारी वाहन भी शहर के भीतर बेखौफ 24 घंटे दौड़ रहे है जिसके कारण लोगों को भारी परेशानियें का सामना करना पड़ रहा है। स्कूल जाने वाले छोटे छोटे बच्चों को बेखौफ दौड़ते वाहनो के कारण दुर्घटना का भय लगातार सता रहा है वहीं शहर मे नाबालिग किस्म के दुपहिया वाहन चालक तेज रफ्तार से वाहन चलाकर लोगो के बीच भय का वातावरण पैदा कर रहे है इसी प्रकार मोडीफ ाई वाले साईलेंसर मे तथा पटाखे वाले बुलेट फ रांटे से दौड़ रहे है जिनके विरूद्ध यातायात पुलिस की कार्यवाही ठोस नहीं होने से सड़क पर यातायात पूरी तरह उदंड मचाने वालो के कब्जे मे चला गया है शाम व रात को तीन सवारी वाले दुपहिया वाहनो मे सदर बाजार से बस स्टैड तक आतंक मचाने वाले फि र सक्रिय हो गये है कुल मिलाकर भाटापारा की संपूर्ण यातायात व्यवस्था मे अति आवश्यक सुधार जरूरी है इस दिशा मे वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक को स्वयं भाटापारा का औचक निरीक्षण कर व्यवस्था मे सुधार के लिये ठोस कदम उठाना चाहिये।

# राम नाम सप्ताह शोभायात्रा में बृजमोहन व शिवरतन थिरकने मजबूर हुये

ब्यूरोचीफ संतोष साहू



**भाटापारा।** 86 वें श्री अखंड राम नाम सप्ताह के समापन जुलूस के मौके पर क्षेत्रिय सांसद बृजमोहन अग्रवाल व उपाध्यक्ष भाजपा शिवरतन शर्मा ने बडी संख्या मे अपने समर्थको की मौजूदगी मे शोभायात्रा जुलूस में शामिल होने आये विभिन्न जिलो के दूरस्थ गांव के भजन कीर्तन मंडलियों व श्रद्धालुओं का अभिनंदन कर पुरस्कार वितरण कर उनका हौसला बढाया इस दौरान रथ में विराजमान प्रभु श्री राम की पूजा अर्चना कर सभी क्षेत्र वासियों की सुख, समृद्धि के लिये प्रार्थना की। शोभायात्रा मे नयनाभिराम वेशभूषा व भजन कीर्तन मंडलियों के विभिन्न वाद्ययंत्रो के बजते मधुर थाप के बीच सांसद बृजमोहन अग्रवाल व शिवरतन शर्मा अपने आप को रोक नहीं पाये व मंच से नीचे उतरकर उक्त दोनो नेता भी भजन कीर्तन मंडलियों के बीच ताल मे ताल मिलाते हुये नाचने पर मजबूर हो गये। शोभायात्रा में विभिन्न जिलो व क्षेत्र से लगभग 100 से अधिक भजन कीर्तन मंडली के बीच लाखो श्रद्धालुओं की भीड़ से समूचा शहर राममय हो गया था। भाजपा के मंच मे उक्त दोनो नेताओं के अलावा अश्वनी शर्मा, राकेश तिवारी, धनेश माधवानी, राजा कामनानी, धनीराम साहू, गोपाल देवांगन, सुनील यदू, महाबल बघेल, डब्ल्यू सिंग ठाकुर, रोशन साहू, पवन वर्मा, सलीम खान, आयशा खान, संजय शुक्ला, उमाशंकर वर्मा, रोशन साहू, रामू साहू, पुरूषोत्तम यदू, सतीश सोनी, परस देवांगन, सुरेश वर्मा, शुभम राजपूत, काके थदवानी, मुकेश सोनी, नंदकिशोर अग्रवाल, आनंद अग्रवाल, शेखर राजपूत, मनेन्द्र सिंग गुम्बर व आशीष जायसवाल सहित बडी तादाद मे अन्य कार्यकर्ता मौजूद थे

# अग्रपूज्य श्री गणेश

ऋद्धि, सिद्धि, बुद्धि के दाता गणपति की हर मंगल कार्यों अग्र पूजा होती है। देवों के देव गणनायक अनंत नामधारी जिनकी महिमा निराली है। हिन्दू देवी-देवताओं में पशु? मुखाकृति के एकमेव देव हैं। जिन्हें गणनां त्वां गणपति हवामहे ऋग्वेद में कहा गया है। सर्वव्यापी गणपति जिन्हें गजानन, गजास्य, हस्तिमुख, गणपति संबोधित कर वैदिक काल से पूजा गया।

### गणेश पूजा परंपरा -

लोकमान्य बाल गंगाधर तिलक ने गणेग पूजा परम्परा को संवारकर संस्कृति और जनसंघर्ष का मार्ग प्रशस्त किया। धर्म, संस्कृति और अस्मिता को जीवन्त कर तिलक ने राष्टीय जनचेतना को एक सूत्र में आबद्ध किया। अंग्रेज जब धर्मिक वैमनस्यता के बीज बो चुके थे। उस दौरान %गणपति बप्पा मोरिया, पुड्च्यावर्षी लवकर या% का आहवान कर समस्त भारत को जोड़े जाने का कर महती कार्य होने लगा। महाराष्ट्र और मध्यप्रदेश में विघ्नविनाशक विनायक की स्थापना और विसर्जन के साथ गणेश उत्सव को कलात्मक, सुरुचिपूर्ण और अनुशासन से युक्त किया । उद्?घोष करते भक्त गण परम्परागत शस्त्र लिए करतब दिखाते एक नया जोश भरते नजर आते थे।

### ओंकार स्वरूप -

भाद्रपद की चतुर्थी को जन्में गणेश का रूप ? में समाहित है। इस गूढ़ ध्वनि को उपनिषदों में अ उ म इन तीन वर्णों की एकरूपता से किया गया है। संत तुकाराम ने कहा है,

॥ ?॥ ओंकार स्वरूप गणेशाचे रूप जो लीन्हीं देवाचें जन्म स्थान ॥ 1॥

संत ज्ञानेश्वर इसी तरह कहते हैं ,

अकार चरण युगल उकार उदर विशाल।
मकार महामंडल । मस्तकाकारे।
ही तीहीं एक वटले।
तेथे शब्द ब्रह्म
प्रकटले ।

अर्थात्

अक्षर, अर्थ, समूहों, रसों, वृन्दों और मंगल करने वाली सरस्वती और गणेश की मैं वंदना करता हूँ। वेदव्यास के महाभारत को लिखने का गुरुतर भार गणेश जी ने ही लिया था। यजुर्वेद के अश्वमेघाध्याय की ऋचा में गणों के अधिपति स्तुति गाई गई है।

गणानांत्वा गणपति
गुहवामहे।

शुक्ल यजुर्वेद में भी गणपति की महिमा गाई गई है। तुलसीदास ने जेहि सुमरन सिधि होई गणनायक, कह कर गणेश को तत्वदृष्टा निरूपित किया है। तत्वज्ञान का सार है,

ऊँ नमस्ते गणपतये ।
त्वमेव प्रत्यक्ष तत्वमसि।
-त्वं साक्षारात्मा सिनित्यं ।
-त्वं वांग्मय स्तवं चिन्मय-
-त्वं चत्वारि वाक् पदाति।
- त्वं मूलाधार स्थितोसि नित्यं ।

-गणादीं पूर्वमुच्चार्थ वर्णादीं तदनंतरं ।अनुस्वार: परतर: ।अर्धेन्दुलसितं । तारेणरूद्धं ।एतन्तवमनुस्वरूप गकार: पूर्वरूपम् अकारो मध्यम रूपं। अनुस्वारशचांत्य रूपं।

बिन्दुरुत्तर रूपं ।नाद: संधानं । सं: हिता: संधि । सेवा गणेश विद्या । गणक ऋषि:। निचृद गायत्री छंद:।।

गणपति देवता । ? गं गणपतये नम: ।इदमवर्थशीर्षम्

अशिज्यायं न देयं, इत्यादि (गणपति अथर्वशीर्ष)

वेद को लेकर गणपति के एक हजार नाम कहें गये है। जो महात्मा उनको धारण करते हैं, वे 1008 को अपने नाम के शीर्ष में रखते हैं। गणेश के बारह नामों में उनके स्वरूप और सामर्थ्य का परिचय, इस प्रकार है,

सुमुखश्चैकदन्तश्च कपिलो गजकर्णक:। लंबोदरश्च विकटो विघ्ननाशो गणाधिप: ॥ धूम्रकेतुतुर्गणाध्यसो भालचंद्रो गजानन:। द्वादशैतानि नामानि य: पठेच्छण्णुयादपि ॥ विधारंभे विवाहे च प्रवेशे निर्गमे तथा संग्रामे संकटे चैव विघ्नस्तस्य न जायते ।

बहुमुखी शक्ति और स्वरुपगत विलक्षणताओं का परिचय गणेश के बारह नामों समाहित है। गणेश जी को सुन्दर मुखवाला, सुमुख, एकदन्त, एक दाँत वाला, कपिल, सिंदुरिया रंगवाला, गजकर्णक, हाथी के जैसे कानवाला; लंबोदर, लंबे, चौड़े उदर वाला; विकट अतिविशाल; विध्ननाशक विघ्नों का नाश करने वाला; गणधिप, गणों का अधिपति; धूम्रकेत, अग्नि के समान रंग वाला; गणाध्यक्ष, देवो का सेनापति; भालचन्द, जिसके मस्तक पर (अदृश्य रूप से) चन्द्रमा बसता हो; गजानन, हाथी के मुखवाला। इन नामों के अनुसार ही विधारंभ करते समय, नयी जगह प्रवेश करते समय, प्रस्थान करते समय गणेश को याद किया जाता है।

**गणपति उत्पत्ति** - गणेश का वास्तविक स्वरूप हस्तिमुख है। इनकी उत्पत्ति के संबंध में अनेक पौराणिक कथाएँ है। इनके हस्तिमुख होने की कथा है, इनकी रचना माता पार्वती ने अपने शरीर के मैल से थी। स्नान करते समय माता ने शरीर पर लगाया। उसी से उनकी रचना पिण्ड के रूप में हुई। खेल-खेल में उनकी सखी ने कहा, यह तुम्हारा पुत्र हो तो..! और पार्वती जी ने उसमें पुत्रभाव से प्राण फूंक दिये। अपने इस पुत्र को पार्वती जी ने व्दार पाल की तरह दरवाजे पर बैठा कर कहा, पुत्र में इस समय स्नान कर रही हूँ, मेरी आज्ञा है कि तुम किसी को भीतर न आने देना। गणेश जी व्दार पर बैठ गये। कुछ देर बाद शिवजी वहाँ आये, गणेश से उन्हें दरवाजे पर ही रोक दिया। शिवजी ने क्रोधित हो अपने त्रिशूल से उसका मस्तक ही काट डाला। जब पार्वती जी को मालूम हुआ. तो शिव और शक्ति के बीच महासंग्राम छिड़ गया। चारों ओर हाहाकार मच गया। सभी देवगण दौड़े आये उन्होंने पार्वजी जी को समझाने का प्रयास किया। पार्वती ने कहा,

जब तक मेरा पुत्र जीवित नहीं होगा मुझे शांति नहीं मिलेगी।

शिवजी शांत हुए उन्होंने अपने गणों को भेजकर ऐसे जीव का मस्तक कार लाने को कहा जा सध: प्रसूत हो और अपनी माता के विपरीत दिशा में हो। गणों ने आज्ञा का पालन करते हुए एक हाथी के शिशु का मस्तक आये । उसी सिर को गणेश जी के घड़ से अश्वनी कुमारों ने जोड़ दिया और गणेश जी जीवित हो उठे।

अत्यंत पराक्रमी और कर्तव्यनिष्ठ देखकर शिवजी ने गणेश को अपने गणों का स्वामी बनाया। अपनी बुध्दि के बल पर गणेश देवों के देव भी हो गये। तभी से वे अग्रपूज्य हो गये। इसलिए उन्हें विघ्न विनाशक भी कहा गया।

### युग काल में गणेश -

आदिकाल से गणेश की स्तुति के अलग अलग प्रमाण मिले हैं। इनकी कथा भिन्न-भिन्न है। सतयुग में सिंहासन आरूढ़ विनायक के स्वरूप में पूजा गया जिनकी दस भुजा थी परन्तु मुख तो हाथी का ही था। त्रेतायुग में गणेश मयूरारूढ़, मयूरेश्वर के नाम से विख्यात थे जिनकी छह भुजा थी। द्वापर में इनका वाहन भूषकराज था तब इनकी चार भुजाएं थी। कलि के अंत में ये धुम्रकेत के नाम से अश्व में सवार होंगे इनका वर्ण भी धुम्र होगा। गणेश पुराण में कहा गया है।

ध्योयोत्सिंहगत विनायकमयं दिम्बाहुमाधे युगे त्रेतायां तु मयूरवाहनभुं षडबाहुकं सिद्धियर।
द्वापरे तु गजाननं युगभुजं सुनांगराग विभु
तुर्येषु द्विभुजं सितांग रूचिरं सर्वर्थक सर्वदनाम।।

देवों के देव गणेश जी की पूजा, स्थापना और विसर्जन हर बरस भादों मास में किया जाता है। भारत का यह धार्मिक उत्सव देश ही नहीं विदेशों में बड़े भक्ति भाव से मनाया जाता है।

- रविन्द्र गिन्नौरे

# प्रथम पूज्य श्रीगणेश जी



**गणेश ( संस्कृत : गणेश , IAST : गणेश ), जिसे गणेश भी लिखा जाता है , और जिसे गणपति , विनायक , लंबोदर और पिल्लैयार के नाम से भी जाना जाता है, हिंदू देवताओं में सबसे प्रसिद्ध और सबसे अधिक पूजे जाने वाले देवताओं में से एक है और गणपति संप्रदाय में सर्वोच्च देवता है । उनके चित्रण पूरे भारत में पाए जाते हैं । हिंदू संप्रदाय संबद्धता की परवाह किए बिना उनकी पूजा करते हैं। गणेश की भक्ति व्यापक रूप से फैली हुई है और जैन और बौद्धों और भारत से परे तक फैली हुई है ।**

गणेश भारतीय कला में एक लोकप्रिय व्यक्ति हैं । कुछ देवताओं के विपरीत, गणेश के चित्रण में समय के साथ व्यापक विविधताएँ और विशिष्ट पैटर्न बदलते हैं। उन्हें खड़े, नाचते हुए, राक्षसों के खिलाफ़ वीरतापूर्वक कार्रवाई करते हुए, एक लड़के के रूप में अपने परिवार के साथ खेलते हुए, एक ऊँचे आसन पर बैठे हुए, या समकालीन स्थितियों की एक श्रृंखला में संलग्न होते हुए चित्रित किया जा सकता है। छठी शताब्दी तक भारत के कई हिस्सों में गणेश की छवियां प्रचलित थीं। चित्रित 13वीं शताब्दी की मूर्ति 900 से 1200 के बीच की गणेश प्रतिमा की विशिष्ट है, जब गणेश अपने स्वयं के संप्रदाय के साथ एक स्वतंत्र देवता के रूप में अच्छी तरह से स्थापित हो चुके थे। इस उदाहरण में गणेश के कुछ सामान्य प्रतीकात्मक तत्व हैं।

## क्यों कहा जाता है भगवान गणेश को एकदंत

भगवान गणेश को प्रथम पूज्य देवता माना जाता है। किसी भी शुभ कार्य की शुरूआत करने से पहले भगवान गणेश की पूजा-अर्चना की जाती है। भगवान गणेश को विघ्नहर्ता, गजानन और एकदंत आदि नामों से जाना जाता है। भगवान गणेश को प्रथम पूज्य देवता माना जाता है। किसी भी शुभ कार्य की शुरूआत करने से पहले भगवान गणेश की पूजा-अर्चना की जाती है। भगवान गणेश को विघ्नहर्ता, गजानन और एकदंत आदि नामों से जाना जाता है। वहीं तमाम भक्त भगवान गणेश की कृपा व आशीर्वाद पाने के लिए मंदिरों में जाते हैं। वैसे तो हमारे देश में भगवान गणेश को समर्पित तमाम मंदिर हैं। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको गजानन के उस मंदिर के बारे में बताने जा रहे हैं, जहां पर परशुराम और गणेश में युद्ध हुआ था। इस युद्ध में भगवान गणेश का एक दांत टूट गया था। जिसके कारण उनका नाम एकदंत पड़ गया था।

छत्तीसगढ़ के दंतेवाड़ा जिले में बैलाडिला की ढोलकल पहाड़ी पर भगवान श्रीगणेश का यह विशेष मंदिर स्थित है। यह मंदिर समुद्र तल से 3000 फीट की ऊंचाई पर स्थित है और मंदिर में गणेश जी की प्रतिमा स्थापित है। बताया जाता है कि मंदिर में स्थापित गणेश जी की प्रतिमा ढोलक के आकार की है। जिसके कारण इस पहाड़ी का नाम ढोलकल पड़ गया।

### ढोलकर मंदिर की कथा

पौराणिक कथा के मुताबिक इस पहाड़ी के शिखर पर श्रीगणेश और परशुराम जी में युद्ध हुआ था। युद्ध के दौरान परशुराम के फरसे से भगवान गणेश का एक दांत टूट गया था। जिसकी वजह से उनको गजानन एकदंत कहा जाता है। वहीं परशुराम के फरसे से गणेश जी का दांत टूटा, इसलिए पहाड़ी के शिखर के नीचे बसे गांव का नाम फरसपाल पड़ गया।

बता दें कि ढोलकट्टा (ढोलकल) की महिला पुजारी से दक्षिण बस्तर के भोगामी आदिवासी परिवार अपनी उत्पत्ति मानते हैं। इसी की याद में छिंदक नागवंशी राजाओं ने शिखर गजानन की प्रतिमा स्थापित की थी। वहीं पुरातत्ववेत्ताओं के मुताबिक इस शिखर पर ललितासन मुद्रा में विराजमान दुर्लभ गणेश भगवान की प्रतिमा करीब 11वीं शताब्दी की बताई जाती है। यहां पर रहने वाले लोग 12 महीने ढोलकर मंदिर में श्रीगणेश की पूजा-अर्चना करते हैं। वहीं फरवरी महीने में यहां पर मेले का आयोजन होता है।

# भाटापारा क्षेत्र में गणेश उत्सव को लेकर उत्साह का माहौल

## कुछ क्षेत्र में जोर जबरदस्ती से चंदा वसूली की शिकायत

ब्यूरोचीफ संतोष साहू

भाटापारा। शहर व क्षेत्र मे आगामी सात सितंबर से प्रारंभ हो रहे गणेश उत्सव समारोह को लेकर पूरे जोर शोर से चैक चैराहे वार्ड मोहल्लों के अलावा गांव मे तैयारी जारी है। इसके बकायदा पंडाल बनाने के लिये लोग अति उत्साह मे सड़क को भी घेर रहे है जबकि पहले से अतिक्रमण के कारण सड़क की चैड़ाई कम है



फलस्वरूप आम नागरिको को आवाजाहीं मे दिक्कतो का सामना करना पड़ रहा है। गणेश उत्सव को लेकर नगर मे दर्जनभर से अधिक मूर्तिकार जो कि दुर्ग, बेमेतरा, मुंगेली तथा सारंगढ़-बिलाईगढ जिलो के दूर दराज के गांव से आये है वे मूर्ति को अंतिम रूप देने मे दिन रात एक कर व्यस्त है। मूर्तिकारो के अस्थाई पंडाल मे छोटे छोटे गणेश प्रतिमा के अलावा बडे आकार के मूर्ति भी बनाये जा रहे है बडे व वृहद आकार के मूर्ति विभिन्न गणेश उत्सव समिति के आर्डर पर निर्माण किये जा रहे है जिसमे अनेक अलग अलग मुद्राओ मे गणेश जी की प्रतिमा को आकार देने मे मूर्तिकार जुटे हुये है भाटापारा ग्रामीण क्षेत्र के अनेक मूर्तिकार भी शहर मे आकर मूर्ति को आकार देने मे व्यस्त है। इस बीच छोटे छोटे उम्र के बच्चे व युवा गणेश उत्सव को लेकर जन सहयोग के रूप मे चंदा लेने निकल पडे है वहीं अनेक ग्रामीण क्षेत्रो मे इस बार गणेश चंदा लेने के लिये समूह मे सड़क रोककर वाहनो को रोका जा रहा है खासकर दुपहिया व चैपहिया वाहनो को समूह मे रोककर चंदा वसूली का खेल चल रहा है। भाटापारा से टेंहका मार्ग पर 33 केवी विद्युत उपकेन्द्र के पास एक रस्सा लेकर कतिपय युवक सभी वाहन को रोककर गलत ढंग से दबाव पूर्वक चंदा वसूल रहे है इस दिशा मे पुलिस प्रशासन को गश्त करते हुये यह ध्यान देना चाहिये कि जोर जबरदस्ती से कोई भी चंदा वसूली न करें इस प्रकार की वारदात भाटापारा बलौदाबाजार मार्ग के खैरी खम्हरिया गांव तथा भाटापारा हथबंद मार्ग के दावनबोड़ तथा रिंगनी मार्ग पर देखे गये है जिससे लोग परेशान है। नगर मे लगभग चार दर्जन से अधिक सार्वजनिक स्थलो पर गणेशोत्सव समारोह को लेकर नयनाभिराम प्रतिमायें स्थापित करने साज सज्जा का कार्य चल रहा है वहीं गणेश उत्सव के दौरान हीं घर घर मे छोटे आकार के गणेश प्रतिमा को बिठाने व उसके पूजन को लेकर भी घरेलू स्तर पर तैयारी भक्तगण कर रहे है कुल मिलाकर शहर व क्षेत्र मे अब गणेश उत्सव को लेकर उत्साह का माहौल शुरू हो गया है।

# अरूण छाबड़ा के मार्गनिर्देशन में पर्यावरण संरक्षण का संकल्प



**भाटापारा।** स्थानीय स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हायर सेकेण्डरी विद्यालय पंचम यादव दीवान स्कूल मे पर्यावरण संरक्षण जल संरक्षण प्लास्टिक उपयोग के उपर प्रतिबंध लगाने तथा प्रदूषण नियंत्रण विषय पर स्कूल की छात्राओ को जागरूक करते हुये प्रशिक्षण दिया गया। वहीं जागरूकता की दिशा मे कार्य करने के लिये उन्हे सदस्य बनाकर प्रमाण पत्र देकर सम्मानित भी किया गया। उपरोक्त आयोजन मे नगर पालिका कन्या शाला, मयूर शिशु मंदिर, इतवारी राम यादव हायर सेकेण्डरी स्कूल सहित अन्य स्कूलों की छात्र-छात्रायें उपस्थित थे। कार्यक्रम मे मुख्य अतिथि के रूप मे जिला संयोजक डॉ.अरूण छाबड़ा उपस्थित थे। उपरोक्त कार्यक्रम मे उपस्थित सभी लोगों ने स्कूल परिसर मे फ ल दार पौधों का रोपण करते हुये छात्र-छात्राओं को पर्यावरण के संबंध मे शपथ दिलाई। उक्त कार्यक्रम मे आलोक मोदी, सीमा मल, रघुनाथ पटेल, वीणां साहू, सुनील दुबे, अनिल जायसवाल, सुधीर मिश्रा सहित अन्य लोग उपस्थित थे। संस्था के प्रभारी प्राचार्य शैलेन्द्र नामदेव, सीएन बाजपाई, दिनेश शर्मा व रामजी जोशी का विशेष सहयोग उपरोक्त कार्यक्रम के दौरान प्राप्त हुआ।

## कमलाकांत इंस्टीटयूट पूर्व छात्रों का सम्मेलन संपन्न

**भाटापारा।** कमलाकांत शुक्ला इंस्टीटयूट देवरी भांठा के संस्थान मे गत दिनो मनीष शुक्ला के मुख्य आतिथ्य मे भूतपूर्व छात्रों का सम्मेलन आयोजित किया गया जिसमे सन 2018 से सन 2024 तक अध्ययनरत रहे छात्र सम्मलित हुये। इस दौरान छात्रों ने अपने अनुभवों का जिक्र करते हुये एक दूसरे के विचार साझा किये। उक्त अवसर पर छात्रों का सम्मान भी किया गया। कार्यक्रम मे प्राचार्य वंदना चैहान, पूर्णिमा कौशिक, अनुपम उमरे, प्रवीण विश्वास, नेहा सिंग, भावना हेंवार एवं संस्थान के अन्य प्राध्यापक व स्टाफ के लोग उपस्थित थे।



# सड़क पर जगह जगह बिल्डिंग मटेरियल रखे जाने से लोग हलाकान

ब्यूरोचीफ संतोष साहू

भाटापारा। शहर मे इन दिनो जगह जगह बीच सड़क पर बिल्डिंग रॉ मटेरियल रेती, गिटटी, मुरूम, इंट, पत्थर बोल्डर, बजरी एवं छड़ रखे जाने से लोग हलाकान है। बेखौफ बीच सड़क मे जगह जगह बिल्डिंग मटेरियल रखे जाने व उनके कई दिनो तक सड़क पर हीं पडे रहने से आवागमन मे जहां बाधा उत्पन्न हो रहीं है वहीं दुपहिया वाहन चालक रेत गिटटी मे फि सलकर चोटिल हो रहे है।



जबकि आज से दस वर्ष पूर्व शहर मे सड़क पर बिल्डिंग मटेरियल रखने वालो को कुछ घंटो मे हीं मटेरियल हटा लेने की हिदायत के साथ कार्यवाही करते हुये संबंधित व्यक्तियों के विरूद्ध पेनाल्टी स्वरूप राशि वसूली का प्रावधान पर अमल किया जाता था लेकिन पिछले कुछ वर्षो से प्रशासनिक कड़ाई नहीं होने से जगह जगह लोग बेखौफ होकर खुलेआम सड़क पर रेती, गिटटी, मुरूम, इंट, पत्थर बोल्डर, बजरी एवं छड़ रख रहे है जिससे जन सामान्य को आवाजाहीं मे जहां मुश्किलो का सामना करना पड़ रहा है वहीं दुर्घटना की आशंका लगातार बढ रहीं है सड़क पर रखे गये रेती व मुरूम मे आवारा पशु व सांड धींगा मस्ती करते हुये उसे और बिखेर रहे है जिससे आम नागरिकों को तकलीफ ो से गुजरना पड़ रहा है बिल्डिंग्स मटेरियल के अलावा सड़क पर हीं कई दिनो तक पुराने डिस्मेंटल किये हुये मलबा मिटटी व अन्य सामान रखे जाने से भी यातायात प्रभावित हो रहा है इस दिशा मे ठोस कार्यवाही प्रशासन की ओर से किये जाने की मांग नागरिको ने करते हुये कहा है कि प्रशासन संपूर्ण शहर मे यातायात के लिये बाधा बने सड़क पर पडे तमाम बिल्डिंग मटेरियल्स व डिस्मेंटल के बाद रखे गये मलबे को जब्त करने की दिशा ठोस कदम व अभियान चलावें ताकि सड़क पर सुगम रूप से यातायात व्यवस्था बहाल को सके।

# बरसात के बावजूद उंचे दर पर बिक रहा है भाटापारा मंडी में धान

**भाटापारा।** प्रदेश की सबसे बडी कृषि उपज मंडी भाटापारा मंडी मे शनिवार को बरसाती मौसम के बावजूद रिकार्ड तोड़ धान की बंपर आवक हुई शनिवार को 26 हजार से अधिक बोरे धान की आवक होने से संपूर्ण मंडी प्रांगण धान बोरो से लबालब भरा रहा मंडी मे रायपुर, बिलासपुर, दुर्ग, मुंगेली, बेमेतरा, कवर्धा, चांपा जांजगीर, सारंगढ-बिलाईगढ व महासमुंद सहित अन्य स्थानो के दूरस्थ गांवो से कृषक व उनके प्रतिनिधि धान बेचने पहुंचे इस दौरान यहां पर कृषि उपज विक्रेताओं को उनकी उपज का भरपूर दाम भी प्राप्त हुआ फ लस्वरूप वे प्रसन्नचित मुद्रा मे अपने गांव की ओर लौटे शनिवार को मंडी मे विष्णु भेग ईनेम धान सर्वाधिक उच्चतम भाव 3491 रूपये प्रति क्विंटल के दर पर बिका इसी तरह श्रीराम धान 3275 रूपये प्रति क्विंटल के भाव से बेचा गया, एचएमटी धान 3120 रूपये प्रति क्विंटल के उच्च भाव मे बिका, महामाया नया धान 2380 रूपये के रिकार्ड उच्च दर पर बिकने से किसान गदगद हो गये इसी प्रकार मोटा मिक्स व सरना धान का भी अच्छा रेट किसानो को मिला, गेहूं मंडी प्रांगण मे 2540 रूपये प्रति क्विंटल के दर पर बिका, गेहूं इनेम 2551 रूपये प्रति क्विंटल के दर पर बेचा गया वहीं चना 7000 एवं तिवरा 4745 रूपये प्रति क्विंटल के दर पर बेचा गया। मंडी प्रांगण मे राहर 10050 रूपये प्रति क्विंटल के रिकार्ड उच्च दर पर बिका, वहीं बटरी 5931 रूपये प्रति क्विंटल तथा सोयाबीन 3911 रूपये प्रति क्विंटल एवं मूंग 6601 रूपये प्रति क्विंटल के बेहतर भाव पर बिकने से बिकवाली करने वाले प्रसन्नचित मुद्रा मे नजर आये कुल मिलाकर भरी बरसात मे भी भाटापारा मंडी मे रिकार्ड तोड़ धान की आवक का सिलसिला बदस्तूर जारी है।



# तीजा पर्व के कारण बाजार ट्रेन व बसों में भारी भीड़

## साड़ी बाजार मे ज्यादातर महंगे व नये वेरायटी के साड़ियों की भारी मांग

ब्यूरोचीफ संतोष साहू



**भाटापारा।** शहर का बाजार एक बार फि र छत्तीसगढ राज्य के प्रमुख तीजा पर्व के कारण गुलजार हो गया है शहर के हटरी बाजार, सदर बाजार, मुंगेली बस स्टैड, जय स्तंभ चैक, गोविंद चैक सहित महासती मंदिर मार्ग एवं सिटी सेंटर मॉल स्थित साड़ी बाजार मे ग्राहकी का हुजूम उमड़ पड़ा है प्रायरू सभी कपड़ा व साड़ी दुकानो मे महिलाओं की भारी भीड़ तीजा पर्व मे साड़ी खरीदने के लिये बडी तादाद मे पहुंच रहे है। नगर के लगभग चार दर्जन से अधिक थोक व चिल्हार साड़ी विक्रेताओं के यहां दूसरे प्रांतो से साड़ी की नई नई वेरायटी व साड़ी की डिजाइन पहुंचकर धड़ा धड़ बिक रहीं है ज्यादातर साड़ी दुकानो मे उंचे व महंगे किस्म के साड़ी लेने वालो का मेला लगा हुआ है महिलाओं की पहली पसंद कांजीवरम साड़ी, कसाबू साड़ी, बनारसी साड़ी, रेशम धागे जड़ी वाली साड़ी, कडवा वर्क साड़ी, पाटन पटोला साड़ी मूंगा सिल्क साड़ी, मार्बल सिल्क साड़ी, लहरिया साड़ी, तुषार सिल्क साड़ी, मैसूर सिल्क साड़ी, चंदेरी साड़ी, चिकनकारी साड़ी, बुटिक प्रिंट साड़ी, वर्क वाली साड़ी, पैठानी साड़ी, आरजेजा साड़ी, मैसूर सिल्क साड़ी, जयपुरी साड़ी, प्योर सिल्क साड़ी, डोला सिल्क साड़ी, शिफ ान सिल्क साड़ी, नेट साड़ियां, कांचीपुरम सिल्क साड़ी, तांत साड़ी, प्रिंटेट जारजेज साड़ी व बांधनी साड़ी सहित लोकल साड़ियो की विशाल रेंज के बीच साड़ियों की अंधा धुंध बिक्री होने से तमाम कपड़ा व साड़ी दुकानदार के चेहरे खिल उठे है। तीजा पर्व मे विवाहित महिलायें अपने मायके पहुंचकर तीजा त्यौहार मनाती है फ लस्वरूप मायके पक्ष वाले माता पिता भाई मामा व अन्य पालक इस दौरान तीजा पर्व मे साड़ी का उपहार अपने बहन बेटियों को भेंटकर परंपरा का निर्वहन करते है तीजा पर्व को लेकर शहर के चारो ओर चहल पहल का माहौल बना हुआ है। आस पास के गांव देहात के साथ साथ दूर दराज से माता बहनें तीजा मनाने बडी तादाद मे मायके की ओर लौट रहीं है जिसके कारण रेल्वे स्टेशन मे तमाम यात्री ट्रेनो तथा सड़क मार्ग पर चलने वाली तमाम यात्री बसों मे भारी भीड़ का नजारा देखने को मिल रहा है ट्रेनो मे तो भीड़ के चलते पैर धरने की जगह नहीं है वहीं बसों मे भी लोग खडे होकर यात्रा करने मजबूर है इसी प्रकार छोटे छोटे अन्य चैपहिया वाहनो मे भी यात्री बडी संख्या मे आवाजाही कर रहे है वहीं सड़क मार्ग पर बडी संख्या मे दुपहिया वाहन मे सवार होकर महिलायें तीजा मनाने अपने मायके की ओर आ जा रहीं है। तीजा त्यौहार के कारण नगर के तमाम मनिहारी जनरल सौंन्दर्य प्रसाधन दुकानो एवं ब्यूटी पार्लर मे भी अच्छी ग्राहकी का माहौल बना हुआ है वहीं नगर के परंपरागत चूडी लाईन मे भी ग्रामीण क्षेत्र की महिलायें चूडी पहनने बडी तादाद मे पहुंच रहीं है। इस प्रकार कुल मिलाकर संपूर्ण बाजार मे ग्राहकी का दौर उमड़ पड़ा है।



# गौ संरक्षण एवं संवर्धन पर 11 दिसंबर को प्रदेश स्तरीय परीक्षा

ब्यूरोचीफ संतोष साहू



**भाटापारा।** छत्तीसगढ राज्य गौ संरक्षण एवं संवर्धन समिति द्वारा राज्य के स्कूल एवं कालेज के विद्यार्थियों के लिये गौ विज्ञान परीक्षा का आयोजन प्रस्तावित है। इसी सिलसिले मे प्रदेश संयोजक इरन्ना सपारे एवं सुबोध राठी ने भाटापारा पहुंचकर बताया कि विद्यालय एवं महाविद्यालय स्तर पर उक्त परीक्षा 11 दिसंबर गीता जयंती के दिन पूरे प्रदेश मे एक साथ होगी जिसमे प्रदेश के पांच लाख परीक्षार्थी इस परीक्षा मे शामिल होंगे। परीक्षा मे हर श्रेणी के प्रथम द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को 12 जनवरी 2025 को पुरस्कृत किया जायेगा इस आयोजन का प्रमुख उददेशय स्कूल एवं कालेज के विद्यार्थियों के बीच गाय के प्रति प्रेम भाव जागृत करना है साथ हीं वर्तमान पीढी को गाय का धार्मिक एवं वैज्ञानिक महत्व समझाना है नई पीढी गौ पालन से विमुख हो रहा है जिसके फ लस्वरूप गायों के सड़को पर आ जाने से सड़क दुर्घटनायें बढ रहीं है जिससे न केवल गौ वंश की मृत्यु हो रहीं है बल्कि इंसान भी लगातार मौत के शिकार हो रहे है। इस प्रकार गाय के सभी विषयों को लेकर आने वाले पांच महीनो मे व्यापक जन जागरण अभियान चलाया जायेगा जिसमे गाय के महत्व को देखते हुये प्रदर्शनीय, सेमीनार, व्याख्यान सहित विविध आयोजन किये जायेंगे।

## संक्षिप्त समाचार

### भाटापारा में स्मार्ट मीटर लगाने के काम में आई तेजी



**भाटापारा।** भाटापारा विद्युत संभाग के अंतर्गत शासन के नये निर्देश के बाद स्मार्ट विद्युत मीटर लगाने का काम द्रुत गति से चल रहा है भाटापारा शहरी क्षेत्र मे अभी तक दो हजार से अधिक स्मार्ट मीटर लगाये जा चुके है और यह सिलसिला लगातार आगे भी जारी रहेगा। विद्युत विभाग के सूत्रों का कथन है कि आने वाले तीन महीने के भीतर समुचे शहर मे स्मार्ट मीटर लगाने का काम पूर्ण कर लिया जायेगा। भाटापारा नगर मे लगभग 17 हजार स्मार्ट मीटर लगाने का लक्ष्य रखा गया है इस संबंध मे विद्युत अधिकारियो का कहना है कि स्मार्ट मीटर भी पूर्व की मीटर की तरह कार्य करेंगे पूर्व की तरह हीं जो बकाया है वह इसमे सम्मलित कर लिया जायेगा वहीं विद्युत बिल की व्यवस्था फ ोन पे ऑन लाईन के अलावा विद्युत विभाग के नजदीक पूर्व की तरह लिये जा सकेंगे। नगर मे अभी प्रतिदिन ठेकेदार द्वारा लगभग 80 से अधिक स्मार्ट मीटर लगाये जा रहे है और यह प्रति आने वाले दिन मे और बढने की संभावना है शीघ्र ही समूचे शहर मे स्मार्ट मीटर लगाने का काम लक्ष्य के अनुसार पूर्ण कर लिया जायेगा।

### संगीतमय आर्केष्ट्रा का कार्यक्रम संपन्न



**भाटापारा।** गत दिनो जय स्तंभ चैक के नजदीक उमाशंकर गुप्ता एंड पार्टी बिलासपुर द्वारा प्रस्तुत एक सुरमयी शाम संगीत के नाम के तहत मन भावन गीतों का कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया जिसमे देर रात तक लोगों ने नये पुराने हिंदी फि ल्मी गीतो का लुत्फ उठाया लगभग चार घंटे से अधिक चले उक्त कार्यक्रम मे नये पुराने चुनिंदा नगमे पेश किये गये जिसे सुनकर उपस्थित श्रोता भी झूम उठे उक्त आर्केष्ट्रा कार्यक्रम मे मुख्य अतिथि के रूप मे उपस्थित विधायक इन्द्र साव ने गीत संगीत को जीवन मे एक आनंद का क्षण बताते हुये आयोजन की प्रशंसा की। उक्त अवसर पर सुशील शर्मा, राधेश्याम शर्मा, ठाकुर ईश्वर सिंग, देवेन्द्र भृगु, अरूण यदू, धनंजय तिवारी व बडी संख्या मे अन्य लोग उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन कोमल शर्मा ने निराले अंदाज मे किया।

### कुराश प्रतियोगिता में 80 प्रतिभागियों ने भाग लिया



**भाटापारा।** राष्ट्रीय खेल प्रतियोगिता दिवस पर कुराश संघ के द्वारा जिला स्तरीय कुराश प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमे 80 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। उक्त प्रतियोगिता क्रमश: 14, 17 व 19 वर्ष के बालक बालिका वर्ग मे विभाजित करते हुये आयोजित की गई प्रतियोगिता के आयोजन मे वर्षा मिरी, गौतम मिरी, समीर, घृतेश, रमा टंडन व राजकुमार ध्रुव सहित अन्य लोगों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

### शिवरतन शर्मा ने भाजपा की सदस्यता अभियान का शुभारंभ किया



**भाटापारा।** प्रदेश भाजपा उपाध्यक्ष शिवरतन शर्मा ने भाजपा के राष्ट्रव्यापी सदस्यता अभियान 2024 से जुड़कर भाजपा की सदस्यता ग्रहण कर अभियान का श्री गणेश किया। उक्त अवसर पर उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व पर विश्वास प्रकट करते हुये सोशल मीडिया साइट पूर्व में ट्विटर, फेस बुक और इंस्ट्राग्राम पर लिखा सभी को नमस्कार करते हुये उन्होने भाजपा की सदस्यता अभियान 2024 में सदस्यता ग्रहण कर लिया है। शिवरतन शर्मा ने सभी से अनुरोध किया है की नीचे दिए गए मेरे रेफरल लिंक पर क्लिक कर आप भी भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता ग्रहण करें और अन्य लोगो को भी सदस्यता ग्रहण कराये। भाजपा का सदस्य बन राष्ट्र के पुनर्निर्माण की यात्रा में उन्होने सहभागी बनने की अपील की है।

# भाटापारा की शराब दुकानों में अवैध वसूली का लंबा खेला




## तमाम ब्रांड के शराब में 30 से 50 रूपये तक की अवैध वसूली

ब्यूरोचीफ संतोष साहू

**भाटापारा।** शहर स्थित देशी विदेशी मदिरा दुकान मे इन दिनो लगातार वाद विवाद झगड़ा फ साद व गाली गलौज एवं मारपीट की घटना निरंतर हो रहीं है जिसके पीछे मूल कारण तथाकथित शराब दुकानो मे पदस्थ प्लेसमेंट कर्मचारियों द्वारा किसी के इशारे मे निर्धारित दर पर विभिन्न ब्रांड की शराब को अत्याधिक मूल्य पर बेचे जाने को प्रमुख कारण माना जा रहा है।




क्षेत्र के अनेक शराब प्रेमियों ने बताया है कि सिद्ध बाबा धौराभांठा स्थित देशी व विदेशी मदिरा की दुकान मे पिछले एक सप्ताह से ग्राहको के साथ अभद्र व्यहार करते हुये मनमानी दर पर अनेक नामचीन ब्रांड के शराब के साथ साथ लोकल ब्रांड के शराब के पीछे अमूमन 30 से 40 रूपये तथा कुछ एक ब्रांड पर 50 रूपये तक प्रति शीशी व पाव पीछे अधिक मूल्य व राशि वसूली की जा रहीं है जिससे मदिरा प्रेमियो मे भारी आक्रोश व्याप्त है बताया जाता है कि प्रशासन के आबकारी विभाग द्वारा इस किस्म के प्रकरण पर अब तक कोई ठोस कार्यवाही नहीं किये जाने से भाटापारा क्षेत्र मे खुलेआम आतंक मचाते हुये तमाम प्रकार के शराब अधिक मूल्य पर बेचे जा रहे है उक्त अवैध कीमत की वसूली के पीछे आखिर किसका हाथ है यह जन चर्चा का विषय बना हुआ है अत्याधिक मूल्य पर शराब बिक्री की जानकारी होने पर कुछ एक छोटे स्तर के नेता वहां पहुंचे व मदिरा प्रेमियो से आव्हान करने लगे कि वे किसी भी हालत मे शराब की अवैध बढी हुई कीमत न देवें उक्त नेता ने बकायदा कुछ एक नाम भी उल्लेख कर वहां पर खलबली मचा दी बताया जाता है कि भाटापारा क्षेत्र की मदिरा दुकानो मे आये दिन बढे हुये अवैध रेट की वसूली को लेकर वाद विवाद की स्थिति उत्पन्न हो रहीं है अनेक बार तो हाथापाई गाली गलौज की नौबत भी आ रहीं है उसके बावजूद जिला आबकारी प्रशासन के अधिकारी गहरी निद्रा मे सोये हुये है।

वहीं प्लेसमेंट कर्मचारियों के इंचार्ज भी इस दिशा मे कोई भी ठोस कदम नहीं उठा रहे है जिससे शराब दुकानो के आस पास वातावरण आये दिन बिगड़ रहा है। शहर मे दो दिशाओं मे देशी व विदेशी मदिरा की चार दुकानें स्थित है जहां निर्धारित व प्रिंट रेट से अधिक मूल्य पर शराब बेचे जाने का खेला एक लंबे समय से निरंतर चल रहा है इस खेल मे किस किस के हाथ है यह सिर्फ जन चर्चा तक सीमित है जबकि प्रशासनिक अधिकारियों को चाहिये कि मदिरा दुकान मे जो भी या जिस किस्म का भी ब्रांड़ का शराब बेचा जा रहा है उसका प्रिंट रेट शराब के बोतल या शीशी मे पूर्ण रूप से उल्लेखित होना चाहिये। भाटापारा शराब भटियों मे अधिक मूल्य पर बेचे जा रहे तमाम प्रकार के शराब के ब्रांड मे उल्लेखित मूल्य से अधिक कीमत पर शराब धडल्ले से बेचा जा रहा है।

इस प्रकार की हरकत व घटना को आखिर कौन प्रश्रय दे रहा है अब बढी हुई अवैध कीमत की अवैध कमाई मे कौन कौन हिस्सेदार है इस बात का खुलासा किया जाना जरूरी हो गया है। उक्त संबंध मे जिला स्तर के संबंधित आबकारी अधिकारियों से दूरभाष के जरिये संपर्क करने का प्रयास किया गया लेकिन उनसे संपर्क नहीं हो पाया है।

# शराब दुकान का स्थान हुआ परिवर्तित

**बहुचर्चित गंगापुर शराब दुकान का स्थान परिवर्तन शुरु, अंबिकापुर विधायक राजेश अग्रवाल के नेतृत्त्व मे्ं वर्षो से लोगो कीं माँग थीं लेंकिन. बस सुनवाई भर होती थीं, राजेश अग्रवाल अंबिकापुर विधायक के द्वारा लगातार नजर में रखते हुऐ. शराब दुकान का स्थान परिवर्तन करा दिया गया**

ब्यूरोचीफ पंकज शुक्ला





**अंबिकापुर।** छत्तीसगढ़ के अंबिकापुर नगर के गंगापुर में संचालित शराब दुकान को स्थानांतरित कर विशुनपुर में खोले जाने को लेकर अम्बिकापुर विधायक राजेश अग्रवाल ने बताया कि पहले हीं गंगापुर स्थित शराब दुकान क्षेत्र के निवासरत लोगों ने इसका विरोध किया था और अभी लोगों का कहना यह है कि गंगापुर और विशुनपुर क्षेत्र में बाल संप्रेषण गृह, कन्या परिसर विद्यालय, आयुर्वेदिक अस्पताल, मूक वधिर एवं घुमंतू बच्चों का विद्यालय, एकलव्य विद्यालय मेडिकल कॉलेज तथा कई सरकारी दफ्तर संचालित हैं,

ऐसे स्थिति में गंगापुर शराब दुकान के कारण उत्पन्न जैसे समस्या को विशुनपुर में थोपना उचित नहीं है। विधायक ने बताया कि विशुनपुर और आसपास के लोगों को वहां शराब दुकान खोलने पर आपत्ति है। उन्होंने विधायक से इस बात की शिकायत की है।

विधायक ने क्षेत्र के लोगों की मनोभावना को समझते हुए आबकारी विभाग एवं संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि गंगापुर से शराब दुकान को हटाकर विशुनपुर में स्थापित करना उचित नहीं होगा क्योंकि बिशनपुर भी रहवासी क्षेत्र है, एवं यहां कई सरकारी दफ्तर, बच्चों के लिए हॉस्टल, कई स्कूल संचालित



है, इसलिए शराब दुकान को यहां स्थापित न कर प्रतीक्षा बस स्टैंड के पीछे निगम द्वारा निर्मित दुकानों में संचालित किए जाएं। विधायक राजेश अग्रवाल ने मौके पर उपस्थित आबकारी अधिकारी, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक एवं निगम आयुक्त को निर्देश देते हुए बताया कि प्रतीक्षा बस स्टैंड के पीछे शराब दुकान खोलने से वहीं पर नजदीक में बस स्टैंड की पुलिस चौकी भी है तथा निगम द्वारा निर्मित भवन में दुकान के संचालन से किराए के रूप में नगर निगम को भी लाभ होगा। उन्होंने प्रतीक्षा बस स्टैंड के पीछे शराब दुकान खोलने के निर्देश दिए।

प्रकाशक, मुद्रक एवं स्वामी : नारायण भूषणिया द्वारा मिशन मिडिया प्रा.लि. रजबंधा मैदान रायपुर (छ.ग.) से मुद्रित कराकर एच.डी.डी./49, फेस-2 मेन रोड, कबीर नगर रायपुर से प्रकाशित, संपादक-नारायण भूषणिया मो.नं. 09300491602, RNI पंजीयन क्रमांक: CHHHIN/2010/34778, Email ID- krantirath.cg@gmail.com, / www.krantirath.in